इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




वर्ष- 45 | अंक - 297 | राजनांदगांव, गुरुवार 17 सितंबर 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## झीरम घाटी नक्सली हमला: एनआईए कोर्ट ने सभी 10 दोषियों को सुनाई फांसी की सजा

जगदलपुर। झीरम घाटी नक्सली हमले से जुड़े लंबे समय से चल रहे मामले में विशेष राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) अदालत ने बुधवार को 10 अभियुक्तों को मृत्युदंड की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने यह फैसला भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 120(बी), 121 और 149, शस्त्र अधिनियम की धारा 27 तथा विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 3 और 16(अ) के तहत सुनाया।




उच्च न्यायालय की पुष्टि के बाद ही होगी सजा पर अमल

अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि मृत्युदंड पर तब तक अमल नहीं किया जाएगा, जब तक उच्च न्यायालय इसकी पुष्टि नहीं कर देता। न्यायालय ने अभियुक्तों को फैसले के खिलाफ 30 दिनों के भीतर उच्च न्यायालय में अपील करने का अधिकार भी बताया है। इस तरह मामले में अब कानूनी प्रक्रिया का अगला चरण उच्च न्यायालय में अपील और मृत्युदंड की पुष्टि से जुड़ा होगा।

फैसला सुनाए जाने के दौरान न्यायालय परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। मामले में दोषी ठहराए गए अभियुक्तों के परिजन भी बड़ी संख्या में न्यायालय पहुंचे थे। जैसे ही अदालत ने मृत्युदंड की घोषणा की, परिजनों में नाराजगी और आक्रोश देखने को मिला। उन्होंने फैसले को न्यायसंगत नहीं बताते हुए कहा कि वे इसके खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। सजा के निर्धारण को लेकर अदालत में अभियोजन और बचाव पक्ष ने अपनी-अपनी दलीलें रखीं। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता दिनेश पाणिग्रही ने कहा कि झीरम मामले में कुल 27 लोगों की हत्या हुई थी और यह अपराध अत्यंत गंभीर एवं विशिष्ट प्रकृति का है। उन्होंने अपराध की गंभीरता को सजा निर्धारण का प्रमुख आधार बताते हुए अभियुक्तों को अधिकतम सजा दिए जाने की मांग की। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद चौधरी ने अभियुक्तों के लिए न्यूनतम सजा की मांग की। उन्होंने अदालत के समक्ष दलील दी कि अभियुक्त लंबे समय से जेल में बंद हैं और जेल में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित किया जाना चाहिए। बचाव पक्ष ने सरकार की ओर से 31 मार्च के बाद नक्सलवाद समाप्त होने संबंधी घोषणा का भी हवाला दिया। उनका तर्क था कि मौजूदा परिस्थितियों में यदि अभियुक्त जेल से बाहर आते हैं तो वे नक्सली गतिविधियों में शामिल नहीं हो सकेंगे। इसलिए उन्हें आगे भी कारावास में रखने के बजाय रिहाई पर विचार किया जाना चाहिए। फैसले के बाद न्यायालय परिसर में मौजूद अभियुक्तों के परिजनों ने कहा कि उनके साथ न्याय नहीं हुआ है। परिजनों का दावा था कि उनके परिजन नक्सली नहीं हैं, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सरकार बोली- यूपीआई पर चार्ज विदेशी दबाव में नहीं लगाया: राहुल ने कहा था- इससे अमेरिका को फायदा होगा; फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका




नई दिल्ली। मंत्रालय ने कहा कि UPI से जुड़े फैसले भारत की घरेलू जरूरतों के आधार पर स्वतंत्र रूप से लिए गए हैं। एक अफसर ने बताया कि इस फैसले को पलटने का सवाल ही नहीं उठता। इससे पहले राहुल गांधी ने UPI पर टैक्स लगाने के फैसले की आलोचना की थी। उन्होंने एक्स पर वीडियो जारी कर आरोप लगाया था कि इस फैसले से अमेरिका को फायदा होगा और सरकार को इसे वापस लेना चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका (PIL) भी दायर की गई है। इस याचिका में अदालत से सरकार के इस नए नियम को तुरंत रद्द करने की मांग की गई है।

दरअसल, सरकार ने मंगलवार को आदेश दिया था कि 15 अक्टूबर 2026 से 2,000 से ज्यादा के चुनिंदा UPI मर्चेंट पेमेंट पर 0.4 प्रतिशत MDR लगेगा। इसकी अधिकतम सीमा 300 प्रति ट्रांजैक्शन होगी। यह शुल्क मर्चेंट से लिया जाएगा, ग्राहक से नहीं। 2,000 तक के UPI पेमेंट और व्यक्ति से व्यक्ति ट्रांजैक्शन पर कोई शुल्क नहीं होगा। सरकार के अनुसार करीब 96 प्रतिशत मर्चेंट UPI ट्रांजैक्शन भी इस शुल्क से प्रभावित नहीं होंगे। सरकार ने जुड़े सूत्रों ने न्यूज एजेंसी PTI को बताया कि UPI पर फैसला लिया जा चुका है और इसे पलटने का कोई सवाल ही नहीं है।

### जिरोधा के फाउंडर बोले- मर्चेंट और ब्रोकर के बीच बड़ा फर्क है

भारत की सबसे बड़ी स्टॉक ट्रेडिंग कंपनी जिरोधा के फाउंडर और CEO नितिन कामथ ने कहा कि UPI का इस्तेमाल बहुत बड़े पैमाने पर होने लगा है, जिसके बाद MDR शायद जरूरी हो, लेकिन इन्वेस्टिंग और ब्रोकिंग जैसे मामलों में मौजूदा एमडीआर फ्रेमवर्क प्रैक्टिकल नहीं लगता उनके मुताबिक, सामान्य मर्चेंट और ब्रोकर के बीच बड़ा फर्क है।

नितिन ने उदाहरण देकर समझाया- अगर कोई ग्राहक 20,000 का सामान खरीदता है और UPI से भुगतान करता है, तो मर्चेंट को उसके बदले बिक्री से कमाई होती है। यानी पेमेंट सीधे कारोबार से जुड़ा है। लेकिन ब्रोकर के मामले में कस्टमर UPI से 2 लाख अपने ट्रेडिंग अकाउंट में डाल सकता है और उस दिन एक भी शेयर नहीं खरीद सकता। ऐसे में ब्रोकर को ट्रांजैक्शन से कोई ट्रेडिंग रेवेन्यू नहीं मिला, लेकिन UPI पेमेंट से जुड़ा स्क्रक्र खर्च उसके ऊपर आ सकता है। यही वह अंतर है, जिस पर कामथ ने सवाल उठाया है।

### सरकार ने छोटे दुकानदारों के लिए प्रोत्साहन योजना शुरू की थी

सरकार ने UPI को प्रमोट करने और फ्री रखने के लिए 2021-22 से प्रोत्साहन योजना शुरू की थी। इसके तहत ग्राहक से छोटे दुकानदार को होने वाले 2,000 तक के UPI पेमेंट पर 0.15 प्रतिशत इंसेंटिव दिया जाता था। 2024-25 तक इस पर 8,276 करोड़ का इंसेंटिव दिया गया। देश में जून 2026 तक करीब 55.5 करोड़ UPI यूजर्स थे।

### मामले पर पक्ष-विपक्ष के बयान

आप: राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बुधवार को कहा कि यूपीआई पर सरकार के फैसले का बोझ आम उपभोक्ताओं पर पड़ेगा और छोटे व्यापारियों का डिजिटल कारोबार प्रभावित होगा। आरजेडी: तेजस्वी यादव ने कहा कि लोग बड़े पैमाने पर यूपीआई का इस्तेमाल कर रहे हैं और अब 2,000 रुपये से ज्यादा के लेन-देन पर फीस लगाने की बात हो रही है। उन्होंने इसे मोदी सरकार के 'अच्छे दिन' से जोड़ते हुए नोटबंदी और महंगाई का भी जिक्र किया। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि जनता पहले से महंगाई से परेशान है और ऐसे फैसलों से उसकी मुश्किलें और बढ़ेंगी।

बीजेपी- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, राहुलजी को हर जगह अमेरिका का भूत दिखता है। राष्ट्र निर्माण की कोई बात नहीं होती। उन्होंने कहा कि यूपीआई शुल्क ग्राहक से लेने की कोई सिफारिश नहीं है।

## छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग में 165 अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले

रायपुर। छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग में बड़े पैमाने पर तबादले किए गए हैं। विभाग ने जिला आबकारी अधिकारी, सहायक जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी उपनिरीक्षक, हेड कॉन्स्टेबल, कॉन्स्टेबल, क्लर्क, ड्राइवर, प्यून समेत 165 अधिकारी-कर्मचारियों की पदस्थापना बदली है।



जारी सूची के मुताबिक रायपुर, कोरबा, सरगुजा, बिलासपुर, जशपुर, बस्तर, कांकेर, दुर्ग, राजनांदगांव, नारायणपुर समेत कई जिलों में पदस्थ कर्मचारियों को नई जिम्मेदारी दी गई है। कुछ तबादले प्रशासनिक आधार पर, जबकि कई कर्मचारियों के स्थानांतरण स्वयं के व्यय पर किए गए हैं। नई जारी ट्रांसफर लिस्ट में 12 डिस्ट्रिक्ट एक्साइज ऑफिसर्स को नई ज़िम्मेदारियां दी गई हैं। इसके अलावा, 31 असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट एक्साइज ऑफिसर्स और 57 एक्साइज सब-इंस्पेक्टर्स के काम करने की जगहें भी बदली गई हैं। डिपार्टमेंट में यह एडमिनिस्ट्रेटिव फेरबदल सिर्फ़ ऑफिसर्स तक ही सीमित नहीं है। फील्ड स्टाफ, ऑफिस और सपोर्ट स्टाफ को भी रीअसाइन किया गया है।

### कॉन्स्टेबल से ड्राइवर और चपरासी तक ट्रांसफर

ऑर्डर के मुताबुक, 39 हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबल का भी ट्रांसफर किया गया है। 12 क्लर्क और 14 ड्राइवर और चपरासी को नई पोस्टिंग दी गई है। इससे एक्साइज डिपार्टमेंट की नई जारी लिस्ट में ट्रांसफर की कुल संख्या 165 ऑफिसर्स और एम्प्लॉइज हो गई है।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, कुकी समुदाय की 2 महिलाओं की गोली मारकर हत्या; उपद्रवियों ने फार्महाउस फूंके

इम्फाल। पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में एक बार फिर हिंसा की ताजा लहर देखने को मिली है। राज्य के तमेंगलांग जिले में संदिग्ध उग्रवादियों ने खेत में लकड़ी बीनने गईं कुकी समुदाय की दो महिलाओं की बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी। इस खूनी वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावरों ने गांव के बाहर बने कई कच्चे फार्महाउसों को भी आग के हवाले कर दिया। महज 48 घंटे के भीतर हिंसा की यह दूसरी बड़ी वारदात है, जिससे पूरे इलाके में तनाव और दहशत का माहौल फैल गया है।



स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, यह खौफनाक घटना तमेंगलांग जिले के दूरदराज स्थित लेइसांगफाई गांव की है। गांव की दो महिलाएं जंगल और खेतों की ओर सूखी लकड़ियां बीनने निकली थीं। इसी दौरान घात लगाए बैठे हथियारबंद उग्रवादियों ने उन पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं। मृतकों की पहचान 60 वर्षीय चोंगा सितलहू और 30 वर्षीय किमबोई सिंगसन के रूप में हुई है। गोलियों की आवाज सुनकर जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो दोनों महिलाओं के खून से लथपथ शव खेत में पड़े मिले। ग्रामीणों का यह भी दावा है कि हमले के बाद से गांव के कुछ अन्य लोग भी लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। तमेंगलांग और नोनी जिलों में पिछले कुछ दिनों से लगातार हिंसक वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। इससे ठीक दो दिन पहले 13 सितंबर को तमेंगलांग के टोलेन कुकी गांव में संदिग्ध उग्रवादियों ने एक घर में घुसकर पति-पत्नी की हत्या कर दी थी, जबकि इस हमले में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मोदी कैबिनेट का बड़ा फैसला: पीएफ के लिए बेसिक सैलरी लिमिट 15,000 से बढ़कर 25,000, 51 लाख कर्मचारियों को फायदा



नई दिल्ली। मोदी कैबिनेट ने कर्मचारियों के पीएफ कवरेज को लेकर बड़ा फैसला लिया है। कैबिनेट ने पीएफ के लिए बेसिक सैलरी लिमिट 15,000 से बढ़ाकर 25,000 करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस बदलाव से करीब 51 लाख कर्मचारियों को फायदा होगा।

### 12 साल बाद बदली पीएफ की बेसिक सैलरी लिमिट

केंद्रीय कैबिनेट ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के तहत अनिवार्य कवरेज के लिए बेसिक सैलरी लिमिट बढ़ाने को मंजूरी दी है। अब यह सीमा 15,000 से बढ़कर 25,000 प्रति माह हो जाएगी। मौजूदा 15,000 की सीमा साल 2014 में तय की गई थी।

### 51 लाख कर्मचारियों को मिलेगा फायदा

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुताबिक, नई सीमा से करीब 51 लाख कर्मचारियों को सोशल सिक्योरिटी कवरेज के दायरे में आने का फायदा मिलेगा। सरकार इस बदलाव पर करीब 11,339 करोड़ खर्च करेगी।

### सरकार ने क्यों बढ़ाई लिमिट?

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कई राज्यों में अनस्किल्ड कर्मचारियों की न्यूनतम मजदूरी अब 15,000 से ज्यादा हो चुकी है। ऐसे में 2014 में तय की गई सीमा को बदलने की जरूरत महसूस की गई। उन्होंने बताया कि विचार-विमर्श के बाद बेसिक सैलरी लिमिट को 25,000 करने का फैसला लिया गया।

### नई नौकरी वालों को भी मिलेगा फायदा

सरकार के मुताबिक, बेसिक सैलरी की सीमा बढ़ने से ज्यादा कर्मचारियों को सोशल सिक्योरिटी कवरेज मिल सकेगा। इससे नए रोजगार में आने वाले कर्मचारियों को भी EPFO से जुड़े लाभों के दायरे में लाने में मदद मिलेगी।

### 17 सितंबर से लागू होगी नई लिमिट

सरकार के मुताबिक, EPFO की नई वेज सीलिंग 17 सितंबर 2026 से लागू होगी। इसके बाद पीएफ कवरेज के लिए बेसिक सैलरी की सीमा 15,000 से बढ़कर 25,000 प्रति माह हो जाएगी। यानी 15,000 से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## स्कूल के दोस्त ने पीएम मोदी से लगाई थी गुहार, 15 साल पुराने जमीन विवाद में झुके बीजेपी विधायक; खाली करना पड़ा कब्जा

मुंबई। गुजरात के वडनगर में कभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक ही स्कूल में पढ़ाई कर चुके 81 वर्षीय असगर अली वोरा की पीएम संग हुई एक मुलाकात ने 15 साल से लटके जमीन विवाद की तस्वीर बदलकर रख दी। मीरा रोड के रहने वाले बुजुर्ग वोरा को भायंदर स्थित उनकी बेशकीमती जमीन का मालिकाना हक वापस मिल गया है। इस मामले में बैकफुट पर आते हुए बीजेपी के पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता की कंस्ट्रक्शन कंपनी 'सेवन इलेवन कंस्ट्रक्शन्स' ने विवादित प्लॉट से अपना कब्जा छोड़ने और निर्माण की परमिशन वापस लेने का औपचारिक ऐलान कर दिया है।



### वडनगर में साथ पढ़े थे, 8 सितंबर को पीएम से मिले थे वोरा

वडनगर के बी.एन. हाई स्कूल में नरेंद्र मोदी के सहपाठी रहे असगर अली वोरा बीते 8 सितंबर को अपनी फरियाद लेकर दिल्ली में प्रधानमंत्री से मिलने पहुंचे थे। उन्होंने पीएम को आपबीती सुनाते हुए बताया कि 1989 में उन्होंने भायंदर (ईस्ट) के नवघर इलाके में करीब 2,810 स्क्वायर मीटर जमीन खरीदी थी। उनका आरोप था कि साल 2011 में 'स्वयं बिल्डर्स' और भाजपा नेता नरेंद्र मेहता की कंपनी 'सेवन इलेवन कंस्ट्रक्शन्स' ने उनकी इस जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया। वोरा पिछले डेढ़ दशक से न्याय की आस में सरकारी दफ्तरों की चौखट नाप रहे थे। पीएम मोदी ने मुलाकात के दौरान उन्हें ध्यान से सुना और जल्द इंसाफ दिलाने का ठोस भरोसा दिया।

### पीएम के दखल के बाद मंत्रालय में बुलाई गई हाई-लेवल बैठक

प्रधानमंत्री से मुलाकात के तुरंत बाद प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह हरकत में आ गया। मंगलवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पाक-चीन के बीच कोई सीमा नहीं, पीओके पर भारत का कड़ा रुख; कहा- नाटकबाजी बंद करे पाकिस्तान

नई दिल्ली। भारत ने बुधवार को तथाकथित पाकिस्तान-चीन सीमा संयुक्त आयोग को खारिज कर दिया। भारत ने कहा कि इसका कोई कानूनी आधार नहीं है साथ ही जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को भारत का अभिन्न अंग बताया गया।



मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने इस बारे में खबरें देखी हैं। इस मामले पर हमारा रुख साफ और एक जैसा रहा है। पाकिस्तान और चीन के बीच कोई सीमा नहीं है। हम तथाकथित संयुक्त आयोग को खारिज करते हैं, जिसका कोई कानूनी आधार नहीं है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के पूरे केंद्र शासित प्रदेश भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग रहे हैं और हमेशा रहेंगे। मंत्रालय ने आगे कहा, पाकिस्तान को भारतीय क्षेत्र के संबंध में कोई भी समझौता करने का कोई अधिकार नहीं है, जो उसके अवैध और जबरन कब्जे में है। भारत ने यह भी दोहराया कि उसने 1963 के तथाकथित चीन-पाकिस्तान सीमा समझौते को कभी मान्यता नहीं दी है और हमेशा यही कहा है कि यह अवैध और अमान्य है। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम इन कब्जे वाले इलाकों की स्थिति बदलने या कब्जे को वैध बनाने की किसी भी कोशिश का विरोध और खंडन करते हैं, क्योंकि इससे भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर आंच आती है। विदेश मंत्रालय की ओर से यह भी कहा गया कि भारतीय इलाकों को लेकर चीन और पाकिस्तान के बीच किसी भी तरह का तथाकथित सीमा सहयोग पूरी तरह से अस्वीकार्य होगा। इन इलाकों पर भारत की संप्रभुता पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। विदेश मंत्रालय ने कहा, इस तरह के दिखावे के बजाय, हम पाकिस्तान से मांग करते हैं कि वह उन इलाकों को तुरंत खाली करे जिन पर उसने गैर-कानूनी और जबरन कब्जा कर रखा है। हाल के वर्षों में, चीन ने भारत के साथ लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर सैन्य दबाव बनाए रखा है। दोनों देशों के बीच 3488 किलोमीटर लंबी सीमा के तीनों सेक्टरों में सीमा उल्लंघन और बिना इजाजत घुसपैठ की खबरें आती रही हैं।

## पतंजलि के घी को 'नकली' बताना बृजभूषण सिंह को पड़ा भारी, बाबा रामदेव ने ठोका 50 करोड़ का मानहानि केस

इंदौर ,16 सितंबर ,(आरएनएस)। भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। योग गुरु बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ 50 करोड़ रुपये का भारी-भरकम मानहानि का मुकदमा दायर किया है। यह कानूनी विवाद बृजभूषण शरण सिंह द्वारा सार्वजनिक मंचों से पतंजलि के देसी घी की गुणवत्ता पर सवाल उठाने और उसे कथित तौर पर 'नकली' करार देने के बाद उपजा है।




### मध्यप्रदेश हाईकोर्ट पहुंचा विवाद, 18 सितंबर को अगली सुनवाई

इस हाई-प्रोफाइल मामले की सुनवाई मंगलवार, 15 सितंबर को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान बृजभूषण शरण सिंह की ओर से उनके अधिवक्ता ने अदालत में वकालतनामा पेश किया और कंपनी के दावों पर अपना विस्तृत जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय की मांग की। अदालत ने उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 सितंबर की तारीख मुकर्रर कर दी है। पतंजलि फूड्स लिमिटेड का कॉर्पोरेट कार्यालय इंदौर के विजय नगर क्षेत्र में स्थित होने के कारण कंपनी ने यह मानहानि वाद इंदौर में ही दायर किया है।

### कंपनी का दावा: शेयर मूल्य गिरा और ब्रांड छवि को हुआ भारी नुकसान

अदालत में पतंजलि फूड्स की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता विक्रम मालवीय ने दलील दी कि पूर्व सांसद के गैर-जिम्मेदाराना और बेबुनियाद बयानों से कंपनी की वर्षों पुरानी साख और ब्रांड इमेज को गहरा धक्का पहुंचा है। कंपनी ने अदालत को बताया कि इस बयानबाजी के सार्वजनिक होने के बाद बाजार में पतंजलि के शेयरों के भाव प्रभावित हुए, जिससे कंपनी को बड़ा आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। जिला अदालत में शुरुआती सुनवाई और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को लेकर उपजे विवाद के बाद अब यह मामला हाईकोर्ट के विचाराधीन है। बृजभूषण शरण सिंह और पतंजलि समूह के बीच तनातनी का यह सिलसिला काफी पुराना है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कोलकाता में करोड़ों के चिटफंड मामले में ईडी की छह ठिकानों पर छापेमारी

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय ने करोड़ों रुपये के कथित चिटफंड मामले में बुधवार को कोलकाता में छह स्थानों पर एक साथ छापेमारी कर तलाशी अभियान चलाया। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों के साथ प्रवर्तन निदेशालय की एक टीम सुबह करीब सात बजे उत्तर कोलकाता के नारकेलडांगा इलाके में एक कारोबारी के आवास पर पहुंची। जांच के अनुसार, संबंधित कारोबारी ने बेहतर रिटर्न का वादा कर लोगों से रकम जमा कराई और बाद में उसे विभिन्न क्षेत्रों में निवेश किया। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय की पांच अन्य टीमों ने इसी चिटफंड मामले के सिलसिले में उत्तर और दक्षिण कोलकाता के पांच अन्य ठिकानों पर भी छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि लोगों से जमा की गई रकम एपीएम समूह नामक कथित पोंजी कंपनी के नाम पर जुटाई गई थी। आरोप है कि कंपनी ने लोगों से धन एकत्र करने के बाद उसे अलग-अलग क्षेत्रों में निवेश किया। यह निवेश एक अन्य कॉरपोरेट कंपनी के माध्यम से किया गया, जिसके बारे में जांच एजेंसियों को संदेह है कि वह मुख्य रूप से (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# आज धूमधाम से मनेगी भगवान विश्वकर्मा जयंती, औद्योगिक व मेकेनिकल क्षेत्रों में पूजे जाएंगे देव शिल्पी

**आडिटोरियम में होगा रंगारंग छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम- सुरता**

राजनांदगांव (दावा)। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की षष्ठमी तिथि को शहर सहित पूरे अंचल भर में देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। आज 17 सितंबर गुरुवार को कल कारखाने, मशीनरी, बिल्डिंग निर्माण व मेकेनिकल क्षेत्रों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पूरे हर्षोल्लास के साथ विराजमान कराई जाएगी और इन कार्यों से जुड़े मिस्त्री, कारीगर, यंत्री, अभियंता आदि अपने आराध्य, भगवान विश्वकर्मा को पूरे भक्ति -भाव से पूजा अर्चना करेंगे। देवताओं के इंजीनियर एवं वास्तुकला के देवता पर हार फूल, नैवैद चढ़ाकर उनसे अपने घर परिवार की सुख -समृद्धि की प्रार्थना की जाएगी तथा कार्यों में प्रकार अनिष्ट न होने सहित कार्य सफलता की कामना की जाएगी।

बता दें कि भगवान विश्वकर्मा जयंती को लेकर शहर सहित जिले के औद्योगिक क्षेत्रों कारखानों व निर्माण क्षेत्रों सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों में उल्लास का वातावरण बना हुआ है। आज इन स्थानों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापना सहित पूजा अर्चना का दौर बना रहेगा। मशीनों



औजारों व निर्माण कार्य में उपयोग आने वाले उपकरणों की भी तिलक चंदन लगा कर पूजा की जाएगी। कई स्थानों में प्रसाद वितरण व? भंडारे का भी आयोजन किया गया है।

**रंगारंग लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन**

भगवान विश्वकर्मा जयंती अवसर पर प्रायः हर साल नगर निगम के टांका घर, वाटर प्लांट-मोहारा, मोटर प्रतिपालन विभाग सहित अन्यान्य कल कारखाने व औधोगिक क्षेत्रो में देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापना सहित पूजा आराधना की धूम रहती है। देव शिल्पी की जयंती पर एक दूसरे पर गुलाल लगा कर खुशियां मनाई जाती है। जयंती पर्व की बधाई दी जाती है। भजन-कीर्तन के आयोजन किए जाते हैं। शहर के बिल्डिंग ठेकेदार संघ द्वारा आज गौरव पथ स्थित पद्मश्री आडिटोरियम में विश्वकर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। महापौर मधुसूदन यादव के मुख्य आतिथ्य में भगवान विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी और लोगों के मनोरंजनार्थ रायपुर के लोक मंच सुरता का रंगारंग लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

बिल्डिंग ठेकेदार संघ के अध्यक्ष रामलाल बघेल व सचिव सिद्धार्थ डोंगरे द्वारा आज 17 सितंबर की शाम 6 बजे से प्रारंभ होने वाले उक्त लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए संघ द्वारा लोगों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

# भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ ने किसानों, सहकारी समितियों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से किया आह्वान

राजनांदगांव (दावा)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर के अवसर पर भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ द्वारा 'आशीर्वाद का दीप' पहल के तहत सेवा, संकल्प और कृतज्ञता का संदेश देने का आह्वान किया गया है। प्रकोष्ठ ने प्रदेश के किसानों, सहकारी समितियों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अपने घरों तथा सहकारी समितियों में दीप प्रज्वलित करने की अपील की है।

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रवीण कुमार दुबे, जिला संयोजक आलोक मिश्रा एवं कार्यकारिणी सदस्य हिरेन्द्र साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और जनसेवा के 25 वर्षों की यात्रा के अवसर पर 'आशीर्वाद का दीप' सेवा, संकल्प और कृतज्ञता की भावना का प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि किसानों, गांवों और गरीबों को प्रधानमंत्री के कार्यों के केंद्र में विशेष स्थान मिला है।

उन्होंने कहा कि किसानों के हित में लिए गए विभिन्न निर्णयों तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के प्रयासों का छत्तीसगढ़ जैसे किसान प्रधान राज्य में विशेष महत्व है। ऐसे में 17 सितंबर को जलने वाला 'आशीर्वाद का दीप' किसानों के प्रति सम्मान और निरंतर सेवा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम होगा। प्रवीण कुमार दुबे, आलोक मिश्रा एवं हिरेन्द्र साहू ने प्रदेशभर के किसानों, सहकारी समितियों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से इस पहल में सहभागी बनने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि दीप प्रज्वलन के साथ 'विकसित भारत, समृद्ध किसान और मजबूत सहकारिता' के संकल्प को आगे बढ़ाया जाए।

## विधायक धरम लाल कौशिक जिला स्तरीय आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम में होंगे शामिल



राजनांदगांव (दावा)। विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत 17 सितम्बर 2026 को राजनांदगांव शहर के रानी सागर तालाब, बुढ़ासागर तालाब एवं शीतला मंदिर परिसर में आयोजित जिला स्तरीय आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# आज युगांतर में स्किल फेस्ट सृजन 2.0 का भव्य आयोजन

राजनांदगाँव (दावा)। युगांतर पब्लिक स्कूल में कल 17 सितंबर को प्रातः 10 बजे से स्किल फेस्ट सृजन 2.0 का भव्य आयोजन राजनांदगाँव जिले के जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल के मुख्य आतिथ्य में रखा गया है, जिसमें विज्ञान प्रदर्शनी सहित अंग्रेजी, हिन्दी-संस्कृत, आर्ट, सामाजिक विज्ञान, मैथ्स, आई टी, स्पोर्ट्स व कामर्स सहित सभी विषयों की प्रदर्शनी का भी रचनात्मक आयोजन होगा। कल सभी वर्ग के विद्यार्थी बड़ी संख्या में अपनी शैक्षणिक प्रतिभा के साथ विविध क्षेत्रों के कौशल बोध के जरिए अपनी योग्यता का प्रदर्शन करेंगे। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने बताया कि इस प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण राडार सिस्टम, ऑटोमैटिक नाइट लाइट कंट्रोल, प्रिडिक्शन ऑफ डिजिज, सेल्फ चार्जिंग इलेक्ट्रिकल वेहिकल, अवरोध रोधक रोबोट, द फिनिक्स फिल्ड, ब्लैक होल, स्मार्ट विजन, कलर शैडो सहित अत्याधुनिक तकनीकी को प्रदर्शित करते हुए कई मॉडल्स रहेंगे। इसी तरह वाणिज्य तथा सामाजिक विज्ञान विभाग के मॉडल मार्केटिंग अनलॉक्ड, ऑटो एलर्ट, एग्रो बेस्ड इंडस्ट्रीज, अंग्रेजी और हिंदी विभाग द्वारा व्याकरण से संबंधित मॉडल, आर्ट विभाग द्वारा विविध कलाकृतियों से संबंधित मॉडल तथा स्पोर्ट्स विभाग विविध खेलों की ज्ञानवर्धक जानकारी देने वाले मॉडल प्रस्तुत किए जाएँगे। विषयों के मॉडलों की भी प्रभावी प्रस्तुतियाँ होंगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य और प्रबंध समिति ने सभी पालकों से इस आयोजन में उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया है।

**अंग्रेजी, हिन्दी संस्कृत, मैथ्स, आर्ट, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, आई टी, स्पोर्ट्स व कामर्स सहित सभी विषयों की प्रदर्शनी का भी रचनात्मक आयोजन**

# मोदी जी के जन्मदिन पर 36 गढ़ में 36 लाख दीए जलाकर जनता देगी उन्हें आशीर्वाद



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह कार्यालय प्रभारी व शहर के युवा भाजपा नेता राजेश गुप्ता अग्रहरि जी ने कहा कि दीया जलाना हमारी भारतीय संस्कृति में शुभता का प्रतीक है, छत्तीसगढ़ की जनता पूरे प्रदेश भर में 36 लाख दीए जलाकर देश को प्रगति के उच्चतम शिखर में ले जाने वाले उर्जावान दबंग, धर्मशील और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन पर आशीर्वाद देगी, वहीं उन्हें अपना कोटि-कोटि प्यार भी न्यौछावर करेंगी।

श्री अग्रहरि ने कहा कि और यह आशीर्वाद प्रदान क्यों न करें, आखिर मोदी जी ने 50 वर्षों से जूझ रहे नक्सली समस्या को छत्तीसगढ़ से जड़मूल से नाश कर दिया, कश्मीर समस्या और आतंकवाद को धारा 370 हटा कर वहां की जिंदगी संवार दी। तलाक जैसे कुरुतियों से छटपटा रही मुस्लिम माता बहनो को इस कुप्रथा से मुक्ति दिलाया, 500 साल का कंलक बाबरी मस्जिद की जगह रामजन्म भूमि बनाने का रास्ता प्रदत्त कर सनातनी होने का फर्ज अदा किया, महिलाओं के लिए इज्जत घर बनवाया और उन्हें लखपति दीदी बनाकर शान से जीने का मार्ग प्रशस्त किया, ऐसे कर्मवीर, धर्मवीर और प्रगतिशील सोच वाले प्रधानमंत्री के लिए देश की जनता अपना प्यार लुटाएगी ही, उन्हे अपने सिर आंखों पर बिठाएगी।

श्री अग्रहरि ने कहा कि यह पहली बार है कि किसी वैश्विक स्तर के यशस्वी नेता के जन्म दिन पर जिन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष राष्ट्र और जन सेवा के लिए समर्पित कर दिए हों के जन्म दिवस को देश ही नहीं विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा पूरे देश भर में 27 सितंबर से 17 अक्टूबर एक माह तक का जन्म दिवस सेवा संकल्प अभियान के रुप में मना रही हैं, ऐसे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पासंग में कांग्रेस के पीएम मनमोहन सिंह तो दूर और कोई भी प्रधानमंत्री नहीं बैठते ऐसे कर्मवीर धर्मवीर और यशस्वी प्रधानमंत्री जिन्होंने भारत देश को संवारा है प्रगति उन्नति की उंचाई दी हैं उनके जन्म पर जीयो हजारों साल? की कामना करते हुए हम सब आज 17 सितंबर को आशीर्वाद का दीया जलाकर उन्हें आशीष दे रहे हैं।

# यातायात नगर टंकी की होगी सफाई : कल शाम रेवाडीह, पेण्ड्री, मेडिकल कालेज क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बाधित

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा टंकी सफाई करने की कडी में राजनांदगांव क्षेत्रांतर्गत निर्मित यातायात (ट्रासपोर्ट) नगर टंकी (क्षमता 13.00 लाख लीटर) की सफाई कार्य किया जाना है, जिसके कारण यातायात (ट्रासपोर्ट) नगर स्थित उच्च स्तरीय जलागार नहीं भर पायेगा। इस वजह से उक्त टंकी से दिनांक 18 सितम्बर 2026 दिन शुक्रवार को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 19 सितम्बर शनिवार से पानी सप्लाई यथावत रहेगी।

पानी टंकी सफाई के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने बताया कि बारिश के मौसम में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने महापौर श्री मधुसूदमतन यादव के निर्देश पर ग्रीष्म ऋतु में पानी टंकियो की सफाई कराई जा रही है। इसी कडी में दिनांक 18 सितम्बर शुक्रवार को यातायात (ट्रासपोर्ट) नगर टंकी की सफाई की जानी है। सफाई करने के कारण उक्त टंकी नही भर पाईगी, जिससे शाम के समय की सप्लाई बाधित होगी। पूर्व में उक्त टंकी की सफाई 23 जनवरी 2026 को की गयी थी, अब पुनः आज सफाई कराई जा रही है।

आयुक्त ने बताया कि यातायात (ट्रासपोर्ट) नगर टंकी (क्षमता 13.00 लाख लीटर) सप्लाई क्षेत्र रेवाडीह, पेण्ड्री, ईस्कान विहार कालोनी, जीवन आवास, अटल विहार कालोनी एवं मेडिकल कालेज क्षेत्र में 18 सितम्बर शुक्रवार की शाम को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी, 19 सितम्बर शनिवार को सुबह समय में पेयजल सप्लाई यथावत होगी। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिये खेद व्यक्त करते हुये सहयोग करने की अपील की है।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर का सम्मान

**0 मो. इरफान शेख सहित पदाधिकारियों ने दी शुभकामनाएं**



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा शहर की प्रतिभाशाली बेटी एवं श्री सुरेन्द्र पाल सिंह भाटिया की सुपुत्री जो बेल्जियम में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं का उनके निवास स्थान पर पहुंचकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर मोर्चा के पदाधिकारियों ने उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और निरंतर सफलता की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख, जिलाध्यक्ष हैरी जोसेफ, महामंत्री असलम खान, उपाध्यक्ष सलीम कुरैशी एवं मुकेश उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि शहर एवं समाज के युवा जब अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर देश-विदेश में पहचान बनाते हैं, तो यह परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय होता है। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा से विदेश में कार्य करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी सफलता अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणादायी है। उन्होंने विश्वास जताया कि वे भविष्य में भी इसी तरह अपने कार्यक्षेत्र में सफलता हासिल करते हुए परिवार एवं राजनांदगांव का नाम रोशन करती रहेंगी। सम्मान समारोह के दौरान परिवारजनों ने भी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# दुर्घटना ने छीना परिवार का सहारा, अन्नपूर्णा मुहिम बनी मददगार




राजनांदगांव (दावा)। परिवार की खुशियां तब गहरे संकट में बदल जाती हैं, जब घर का एकमात्र कमाऊ मुखिया अचानक किसी गंभीर हादसे का शिकार हो जाए। ऐसा ही संकट ग्राम पटेवा निवासी दिनेश बांधव के परिवार पर टूटा, जहां सड़क दुर्घटना में सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण दिनेश पूरी तरह काम करने में असमर्थ हो गए।

छह सदस्यों वाले इस परिवार में मुखिया के अस्वस्थ होने और इलाज में मोटी रकम खर्च हो जाने से आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई थी। हालात ऐसे बन गए कि परिवार के सामने दो वक्त के भोजन और रोजमर्रा के गुजारे का भी संकट खड़ा हो गया था।

मुश्किल की इस घड़ी में संत रामपाल महाराज की %अन्नपूर्णा मुहिम% पीड़ित परिवार के लिए संबल बनकर सामने आई। शुक्रवार को मुहिम के तहत दिनेश बांधव के घर पहुंचकर महीने भर की राशन सामग्री भेंट की गई। इसमें आटा, चावल, दाल, तेल, चीनी, मसाले सहित अन्य दैनिक उपयोगी खाद्य सामग्री शामिल थी। सेवादारों ने बताया कि जब तक दिनेश पूरी तरह स्वस्थ होकर काम करने योग्य नहीं हो जाते, तब तक परिवार को इस मुहिम के तहत निरंतर राशन सामग्री व आवश्यक सहायता प्रदान की जाती रहेगी। संकट के समय मिली इस राहत के लिए पीड़ित परिवार ने आभार जताया है।

**ग्राम पटेवा के पीड़ित परिवार को संत रामपाल महाराज के अनुयायियों ने उपलब्ध कराया महीने भर का राशन**


**कार्यालय सेनानी 17वीं (वि.भा.र.) वाहिनी छ.स.बल, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**

**-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

क्रमांक- 17वीं बटा./छसबल/क.धा./सा.अ./निविदा N 28/2026, कबीरधाम, दिनांक 16/09/2026

सेनानी 17वीं (वि.भा.र.) वाहिनी छसबल, जिला- कबीरधाम छत्तीसगढ़ की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मोहर बंद निविदाएं प्रपत्र "अ" से "द" वर्ग या अधिक ठेकेदारों से 02 लिफाफा पद्धति, जिसमें लिफाफा 'अ' में अमानत राशि (ईएमडी) अथवा उससे छूट संबंधी प्रमाण पत्र तथा लिफाफा 'ब' में निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र, तकनीकि व अन्य दस्तावेज तथा निविदा प्रपत्र का होना, निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स.क्र. | कार्य का नाम | कार्य स्थल | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | कार्यपूर्ण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | अराजपत्रित अधिकारी मेस निर्माण कार्य | 17वीं वाहिन छसबल कैम्प-जैतपुरी/सरेखा कबीरधाम | 19.49 लाख | 19,490/- | 04 माह |

1. चालान जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि - **15/10/2026**
2. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - **16/10/2026 के 15.00 बजे तक**
3. निविदा खोलने की तिथि - **16/10/2026 के 16.00 बजे तक**

नोट- निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु रू. 750/- को सेनानी 17वीं (वि.भा.र.) वाहिनी छसबल, कबीरधाम के नाम से "लेखा शीर्ष 0055 एम.पी.आर. उपशीर्ष 800 अन्य रिसिप्ट" में चालान के माध्यम से स्वीकार होगी। तथा निविदा पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के द्वारा ही स्वीकार्य की जावेगी। निविदा से संबंधित अन्य शर्तें व विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरित कार्यलय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

जी-262703274/2

**सेनानी**
**17वीं (वि.भा.र.) वाहिनी छसबल**
**जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**









**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका **अनिता सिंह परिहार पति- जीवनसिंह परिहार** जाति राजपूत निवासी ग्राम अं. चौकी, मकान नं. 04, वार्ड नं.04, तह. अं. चौकी, जिला-मोहला मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491665 की निवासी हूं। जो कि मेरे नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर **Anita Singh Parihar** पति- **Jiwan Singh Parihar** अंकित है। उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे नाम से जारी भारत निर्वाचन आयोग का परिचय पत्र व अन्य कागजातों में नाम के स्थान **Anita Singh Parihar** पति- **Jeewan Singh Parihar** अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में **Anita Singh Parihar** पति- **Jiwan Singh Parhar** अंकित हैं। उसे सुधार करवाकर **Anita Singh Parihar** पति- **Jeewan Singh Parihar** अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईस्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

**स्थान: अं. चौकी, दिनांक-16/09/2026**

**आवेदिका**
**अनिता सिंह परिहार**
**निवासी ग्राम- अं. चौकी**
**तह. अं. चौकी, जिला-मो.मा., अं.चौकी (छ.ग.)**


**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.
1-6-8
159-5 235-0
राजधानी
2-3-7
799-5 178-6

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक


**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका **ज्योतिकिरण पति- किशुन राम** जाति-हल्बा निवासी ग्राम मार्री बंगला, तह. डौंडी-लोहारा, जिला-बालोद (छ.ग.)। पिन नं. 491771 की निवासी हूं। जो कि मेरे पुत्र के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर **लक्ष्य ठाकुर Lakshya Thakur** अंकित है। उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे पुत्र के नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान **लक्ष्य LAKSHYA** अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में **लक्ष्य ठाकुर Lakshya Thakur** अंकित हैं। उसे सुधार करवाकर **लक्ष्य LAKSHYA** अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें। स्थानः-अं.चौकी, दिनांक -07/09/2026

**आवेदिका**
**ज्योतिकिरण**
**निवासी ग्राम - मार्री**
**तह. डौंडी-लोहारा, जिला-बालोद (छ.ग.)**



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक लोक न्यास, राजनांदगांव जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/2030 / अ.वि.अ. / प्र.1/2026
राजनांदगांव, दिनांक 15/9/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण रमेश कुमार खण्डेलवाल, अध्यक्ष, अरूण खण्डेलवाल, सचिव एवं सुरेश चौरसिया, कोषाध्यक्ष मोतीनाथ सार्वजनिक ट्रस्ट भरकापारा राजनांदगांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि मोतीनाथ मंदिर सार्वजनिक ट्रस्ट का पंजीयन मध्यप्रदेश शासन काल के दौरान कराया गया था। जिसका पंजीयन भूलवश मोतीनाथ सार्वजनिक ट्रस्ट के नाम से पंजीकृत है। उक्त ट्रस्ट के नाम में मंदिर शब्द जोड़कर 'मोतीनाथ मंदिर सार्वजनिक ट्रस्ट, राजनांदगांव' के नाम से दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपना दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक दिनार्क 14/10/2026 के पूर्व तक प्रस्तुत कर सकते हैं निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक लोक न्यास राजनांदगांव (छ.ग.)**



**कटघोरा वनमण्डल अंतर्गत कसनिया डिपो में होने वाले ई- नीलाम के लिए प्रस्तावित जांजगीर चाम्पा वनमण्डल के विभिन्न डिपो में रखे गये वनोपज के नीलाम हेतु मात्रा की जानकारी**

**नीलाम दिनांक 18.09.2026**

| आ.क्र. | डिपो का नाम | प्रजाति | पिछले नीलाम का शेष | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | लट्ठा | | बल्ली/ डेंगरी | | जलाऊ | बांस | |
| | | | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. | चट्टा | | |
| 1 | निस्तार डिपो सक्ती | अन्य | 82 | 12.369 | 105 | 0.108 | - | - | - |
| | | सागौन | 50 | 4.100 | - | 0.013 | - | - | - |
| | | साल | - | - | - | 0.168 | - | - | - |
| | | सतकठा | - | - | - | - | 57 | - | - |
| 2. | अकलतरा डिपो | सागौन | 29 | 3.846 | 384 | 3.127 | - | - | - |
| | | नीलगिरी | - | - | 739 | 8.671 | - | - | - |
| | | सतकठा | - | - | - | - | 53 | - | - |
| | | आद्यो.बांस | - | - | - | - | - | 70 | 0.044 |
| 3. | जांजगीर | सागौन | 16 | 0.943 | 4 | 0.046 | - | - | - |
| | | अन्य | 184 | 26.511 | - | - | 22 | - | - |
| | | सतकठा | - | - | 4 | - | - | - | - |
| 4. | पंतोरा डिपो | तेंदू | 130 | 20.861 | - | - | - | - | - |
| | | साजा | 45 | 9.337 | - | - | 114 | - | - |
| | | अन्य | 30 | 4.174 | - | - | - | - | - |
| | | हल्दू | 6 | 1.059 | - | - | - | - | - |
| | | बीजा | 4 | 0.572 | - | - | - | - | - |
| | | साल | 39 | 6.045 | 6 | 0.027 | - | - | - |
| | | सागौन | - | - | 6 | 0.101 | - | - | - |
| | | सतकठा | - | - | - | - | 1 | - | - |
| योग | | | 615 | 89.817 | 1148 | 12.261 | 172 | 70 | 0.044 |

(1) क्रेताओं को ई-आक्शन के पूर्व MSTC E-Commerce portal में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।

(2) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत EMD की राशि जमा करना अनिवार्य है।

(3) लाट की थप्पी सूची एवं फोटो MSTC E-Commerce portal में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देख सकते है।

(4) ई- ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

जी- 262703264/2

**वन मंडलाधिकारी**
**कटघोरा, वनमण्डल कटघोरा**

# गंज चौक से भारतमाता चौक तक बिखर रहा गणेशोत्सव पर्व का जादू

## बालाजी धाम पुरानी गंज मंडी में लगी प्रदर्शनी में उमड़ रही भीड़, गणेश दर्शनार्थियों का लगा रेला





राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की गौरवशाली गणेशोत्सव परंपरा का रंग इन दिनों शहर में छाया हुआ है। अभी गणेश दर्शनार्थियों की सबसे ज्यादा भीड़ गंज चौक के आशीर्वाद मंडल से लेकर पुरानी गंज मंडी बालाजी धाम में लगी प्रदर्शनी व बाल समाज गणेशोत्सव के आकर्षक पंडाल व उसमें विराजे ऋद्धि-सिद्धि वाले लंबोदर महाराज सहित तिरंगा चौक गंज लाइन में सजे श्री राम दरबार वाले आकर्षक गणेश पंडाल में नजर आ रही है। यहां रोज बाजे गाजे के साथ हो रहा गणपति बप्पा की आरती और चढाए जाने वाले नैवेद्य भोग के समय श्रद्धालुओ की जमकर भीड़ उमड़ रही है। प्रसादी वितरण के समय तो भीड़ संभालना मुश्किल हो जा रहा है।

यहां श्री राम दरबार वाले आकर्षक गणेश पंडाल में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या की प्रतिकृति दिखाई गई है जिसके अंदर सांवले सलोने भगवान श्री राम धनुष बाण ले दृष्टि गोचर हो रहें। वहीं सामने की ओर भगवान श्री राम की विशाल मनोहारी प्रतिमा लोगों को आकर्षित कर रही है।

### गंज चौक क्षेत्र में बना मेले जैसा माहौल

बता दें कि गंज चौक क्षेत्र की सबसे पुरानी गणेशोत्सव समिति बाल समाज द्वारा मांमा-भांजा मजार के सामने भव्य गणेश पंडाल सज़ा कर भगवान विघ्नहर्ता की मूर्ति विराजित करते आ रहा है। बाल समाज गणेशोत्सव समिति के अध्यक्ष नीरज पोरवाल,दामू भूतड़ा, सूर्यकांत जैन नंदू भूतड़ा, मनीष खंडेलवाल, मोहन मेश्राम, संतोष हूंका आदि में बताया कि बाल समाज गणेशोत्सव पंडाल के आसपास खिलौने, मनिहारी सामान, फुग्गे वाले, जंपिंग नेट ,व ट्राय झूले सहित चाट पकौड़े की दुकान लगी रहने से यहां मेले जैसा माहौल बना रहता है। वहीं दोनों प्रहर भगवान गणेश की आरती पूजा के समय श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ती है। वहीं दूसरी ओर बालाजी धाम पुरानी गंज मंडी में समाज द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन करने से यहां शाम के समय से रात तक मेला लगा रहता है। प्रदर्शनी देखने आने वालो मे हवाई झूला, ट्राय ट्रेन, चक्कर दार झूला, नेट जंपिंग, हार्स राइडिंग झूला आदि सहित स्वादिष्ट चाट पकौड़े की दुकानें व भूत बंगला एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

### गंज चौंक के आशीर्वाद मंडल की धूम

शहर में गणेशोत्सव दर्शनार्थियों की गंज चौक से भीड़ लगनी शुरू हो जाती है। गंज चौंक में आशीर्वाद मंडल द्वारा स्थापित किए जाने वाले आकर्षक श्री गणेश प्रतिमा और आकर्षक मंच सज्जा सहित यहां पूजा के समय बाजे गाजे के साथ की जाने वाली आरती और नित्य प्रति प्रसाद वितरण के चलते चौक पर श्रद्धालुओं का भीड़ का माहौल बना रहता है। आशीर्वाद मंडल के आशीष गुप्ता मुन्ना ने बताया कि श्री गणेश पंडाल में रोजाना भजन कीर्तन सहित अन्य धार्मिक आयोजन व लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होने से आशीर्वाद मंडल में गणेश दर्शनार्थियों की भीड़ बनी रहती है। यहां प्रतिदिन प्रसाद वितरण भी किया जाता है जिसे पाने के लिए होड़ रहती है और लोगों में धार्मिक उल्लास का वातावरण बना रहता है। इस तरह देखा जाए तो शहर में गंज चौक से लेकर गंज लाइन व तिरंगा चौक भारत माता चौक तक गणेशोत्सव पर्व का जादू छाया हुआ है। आकर्षक गणेश प्रतिमा से लेकर मनोहारी गणेश पंडाल व हवाई झूले, ट्राय ट्रेन की लगीं प्रदर्शनी का जादू लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है।

# राजगामी संपदा न्यास की बैठक में कई अहम निर्णय: पुजारियों का मानदेय दोगुना, कमला कॉलेज के सामने बनेगा 40 दुकानों का कॉम्प्लेक्स



**0 रानीसागर में स्थापित होगी रानी सूर्यमुखी देवी की आदमकद प्रतिमा; मंदिरों के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव तैयार**
**0 बकायेदारों से होगी किराया वसूली, अवैध कब्जे वाली दुकानें होंगी सील; वाइडनर स्कूल मामले में कलेक्टर से जांच समिति की मांग**

राजनांदगांव (दावा)। राजगामी संपदा न्यास की महत्वपूर्ण बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता न्यास की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू एवं उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी ने की।

बैठक का शुभारंभ विधिवत रानी सूर्यमुखी देवी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान न्यास के नवआगंतुक प्रभारी अधिकारी (सीईओ) श्री मारकंडे का प्रथम आगमन पर स्वागत किया गया। बैठक में न्यास की संपत्तियों के संरक्षण, विकास और पुजारियों के हित को लेकर कई दूरगामी निर्णय पारित किए गए।

### बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय

**नया व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स** – कमला कॉलेज परिसर के सामने राजगामी संपदा न्यास द्वारा एक भव्य व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाएगा, जिसमें 40 से अधिक दुकानें बनाई जाएंगी। इससे न्यास की आय में वृद्धि होगी।

**पुजारियों का मानदेय दोगुना**– न्यास के अधीन आने वाले मंदिरों के पुजारियों के मानदेय में बढ़ोतरी करते हुए इसे 2,500 रुपये से बढ़ाकर सीधे 5,000 रुपये प्रतिमाह करने का निर्णय लिया गया।

**प्रतिमा स्थापना व मंदिर जीर्णोद्धार** – ऐतिहासिक रानी सागर में रानी सूर्यमुखी देवी की आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाएगी। साथ ही विभिन्न प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार हेतु स्थल निरीक्षण कर प्राक्कलन तैयार करने और राशि स्वीकृत करने का प्रस्ताव पारित हुआ।

**सख्त किराया वसूली व सीलिंग** – न्यास की दुकानों के बकायेदारों से शत-प्रतिशत किराया वसूली की जाएगी। अवैध रूप से काबिज किराएदारों की दुकानों को सील करने की सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**राजगामी भूमि का चिन्हांकन** – संपत्तियों को अवैध कब्जों से सुरक्षित रखने के लिए सभी चिन्हित भूमियों पर बोर्ड, साइन बोर्ड और वॉल राइटिंग कराई जाएगी, जिससे राजगामी संपदा की पहचान स्पष्ट रहे।

**वाइडनर स्कूल की जांच**– वाइडनर स्कूल में सामने आई गड़बड़ी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रबंध कार्यकारिणी द्वारा कलेक्टर को पत्र लिखकर एक उच्चस्तरीय जांच समिति गठित कराने का निर्णय लिया गया। न्यास में वर्ष 2023 से लंबित पड़े वित्तीय ऑडिट को कराने के लिए शासन को विधिवत प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा।

बैठक में प्रभारी अधिकारी सीएल मारकंडे, शैलेंद्र अग्रहरि, आबिद बेग, अशोक चतुर्वेदी, गणेशराम साहू, देवकुमार बंजारे, राजेन्द्र कुमार पटेल, चंदनराम यादव, राजकुमार यदु, जितेन कुमार यादव, नीलमणि यादव, विमला यादव, अश्विनी यादव, ओमप्रकाश साहू सहित अन्य ट्रस्टीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# गणेश उत्सव में शांति व कानून-व्यवस्था पर पुलिस सख्त: असामाजिक तत्वों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई, 19 प्रकरण दर्ज



राजनांदगांव (दावा)। गणेश उत्सव पर्व के दौरान जिले में शांति, सुरक्षा और सुदृढ़ कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में जिलेभर में असामाजिक व उपद्रवी तत्वों के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाकर वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाते हुए कुल 19 प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई की गई है। पर्व के दौरान माहौल बिगाड़ने की आशंका वाले तत्वों के विरुद्ध बीएनएसएस की धारा 170 के तहत 16 प्रतिबंधात्मक प्रकरण बनाए गए हैं। इसके अलावा अवैध नशे के कारोबार पर नकेल कसते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत 1 प्रकरण, अवैध हथियार रखने पर आर्म्स एक्ट के तहत 1 प्रकरण और अवैध शराब तस्करी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत 1 प्रकरण दर्ज कर सख्ती बरती गई है।

थाना कोतवाली- धारा 170 बीएनएसएस के तहत 03 प्रकरण, थाना चिखली- धारा 170 बीएनएसएस के 05 प्रकरण व एनडीपीएस एक्ट के तहत 01 प्रकरण, थाना बसंतपुर- धारा 170 बीएनएसएस के तहत 03 प्रकरण, थाना डोंगरगढ़- आर्म्स एक्ट के तहत 01 प्रकरण व धारा 170 बीएनएसएस के तहत 01 प्रकरण, थाना डोंगरगांव - आबकारी एक्ट धारा 34(2) के तहत 01 प्रकरण, थाना सुकुलदैहान- धारा 170 बीएनएसएस के तहत 01 प्रकरण, पुलिस चौकी सुरगी- धारा 170 बीएनएसएस के तहत 01 प्रकरण, पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़- धारा 170 बीएनएसएस के तहत 01 प्रकरण, पुलिस चौकी चिचोला- धारा 170 बीएनएसएस के तहत 01 प्रकरण दर्ज किये गये।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि गणेश उत्सव को भयमुक्त, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना प्राथमिकता है। इसके लिए संवेदनशील इलाकों में लगातार पेट्रोलिंग, फिक्स पिकेट्स और संदिग्धों की निगरानी की जा रही है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि उत्सव के दौरान शांति भंग करने या किसी भी प्रकार की आपराधिक व असामाजिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।

# शहरी पथ विक्रेताओं को ऋण लेकर व्यवसाय करने का सुनहरा मौका- मधुसूदन

राजनांदगांव (दावा)। शहरी पथ विक्रंताओ को व्यवसाय करने के लिए आसानी से ऋण देकर आत्मनिर्भर बनाने भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित प्रधानमंत्री स्वनिधि स्ट्रीट वेंडर्स योजना छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित की जा रही है। योजना का क्रियान्वयन करने नगर निगम राजनांदगांव क्षेत्रांतर्गत निवासरत छोटे व्यवसायियों से भी ऑनलाईन आवेदन लिया जा रहा है। स्वयं के व्यवसाय के लिए ऋण लेकर आत्मनिर्भर बनने महापौर मधुसूदन यादव ने आवेदन करने की अपील की है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ लेने निगम सीमाक्षेत्र के शहरी पथ विक्रेता एवं छोटे दुकानदारो द्वारा विभिन्न बैको से ऋण लेने ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजनांतर्गत बैको के माध्यम से तीन स्तर में प्रथम ऋण राशि 15 हजार रूपये, प्रथम ऋण अदायगी करने पर द्वितीय ऋण रूपये 25 हजार एवं द्वितीय ऋण अदायगी करने पर तृतीय ऋण राशि 50 हजार रूपये का ऋण देने का प्रावधान है। योजनांतर्गत ऋण पर हितग्राही द्वारा नियमित रूप से ऋण अदायगी करने पर बैक द्वारा ली जाने वाली ब्याज राशि में 7 प्रतिशत की राशि अनुदान के रूप में दिये जाने का प्रावधान किया गया है। योजना आरंभ से वर्तमान तक ऋण प्रकरणो में प्रथम ऋण राशि 15 हजार रूपये के लिए 2157 लोगो को, द्वितीय ऋण रूपये 25 हजार के लिए 618 लोगो को एवं तृतीय ऋण राशि 50 हजार रूपये के लिए 145 लोगो को ऋण प्रदान किया गया है, इस तरह कुल 2920 पथ विक्रेताओ एवं छोटे दुकानदारो को विभिन्न बैंको के माध्यम से ऋण की अदायगी की जा चुकी है। उक्त वेंडर्स को अब तक 4.54 करोड का ऋण एवं 9 लाख रूपये की ब्याज अनुदान राशि प्रदान की जा चुकी है। ऋण लेने के लिए ऑनलाईन आवेदन करने के लिए आवश्यक दस्तावेंज जैसे आधार कार्ड, (मोबाईल नम्बर लिंग हो) बैंक पास बुक, मतदाता परिचय पत्र, 02 फोटो के साथ साथ मोबाईल फोन लाना अनिवार्य है। उन्होंने स्वयं के व्यवसाय हेतु ऋण प्राप्त करने ऑनलाईन आवेदन करने की अपील की है।

# प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव ने सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा की



**आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के दिए निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। स्कूल शिक्षा एवं जिले के प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। प्रभारी मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि आशीर्वाद का दीया सेवा संकल्प अभियान का महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, पर्याप्त अग्निशमन एवं आपातकालीन व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मेरे सपनों का भारत, नमो सेवा गाथा, आंगन मिलन सेवा एवं सेवा सेतु अभियान में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बताया कि आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम अंतर्गत शहर के ऐतिहासिक रानी सागर तालाब, बुढ़ासागर तालाब एवं शीतला मंदिर परिसर में 1 लाख तथा मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में लगभग 51 हजार दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। इसके साथ ही जिले में विकासखंड, क्लस्टर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित होंगे। 25 ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत दीप प्रज्वलन का लक्ष्य रखा गया है। सभी शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यालयों में भी शाम 7 बजे दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर दोपहर 3 बजे से उपस्थित रहकर सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करने तथा तालाब, घाट एवं अन्य जलस्रोतों के समीप आयोजित कार्यक्रमों में होमगार्ड, अग्निशमन एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री यादव ने बताया कि अभियान के सभी कार्यक्रमों की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कराकर निर्धारित पोर्टल एवं हैशटैग पर अपलोड किया जाए तथा सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सात मांगों के साथ आम आदमी पार्टी पहुंची कलेक्ट्रेट



राजनांदगांव (दावा)। आम आदमी पार्टी राजनांदगांव द्वारा प्रदेश की विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार 16 सितंबर को सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन अपर कलेक्टर को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से पार्टी पदाधिकारियों ने किसानों से जुड़े एग्रीस्टेक एवं रकबा समर्पण, सरकारी शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था, जर्जर सड़कों, बढ़े हुए बिजली बिल, आवारा मवेशियों तथा नशे के बढ़ते कारोबार सहित विभिन्न मुद्दों पर शासन का ध्यान आकर्षित कराया। पार्टी ने इन समस्याओं के निराकरण के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाने की मांग की।

आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी भूपेश तिवारी सहित पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश में किसानों सहित आम जनता को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने एग्रीस्टेक पंजीयन की प्रक्रिया को सरल बनाने तथा रकबा समर्पण के नाम पर किसानों को होने वाली परेशानी को दूर करने की मांग की। पार्टी नेताओं ने किसानों को खाद उपलब्धता और कृषि संबंधी व्यवस्थाओं में राहत देने की भी मांग रखी। ज्ञापन में सरकारी स्कूलों की स्थिति, शिक्षकों की कमी तथा शैक्षणिक स्तर में सुधार की आवश्यकता का मुद्दा भी उठाया गया। पार्टी ने कहा कि सरकारी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक, आवश्यक संसाधन और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इसके साथ ही परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और पेपर लीक जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की गई। स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर भी पार्टी ने अस्पतालों में पर्याप्त संख्या में डॉक्टर, आवश्यक दवाइयां और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर और समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत किया जाना जरूरी है। पार्टी ने सड़कों की बदहाली और आवारा मवेशियों के कारण उत्पन्न हो रही समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन में राज्य की जर्जर एवं गड्ढायुक्त सड़कों की तत्काल मरम्मत और आवश्यकतानुसार पुनर्निर्माण कराने की मांग की गई। वहीं सड़कों पर घूम रहे मवेशियों के उचित व्यवस्थापन एवं रखरखाव के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाने की मांग की गई। पार्टी ने गौधाम योजना के संबंध में लगाए जा रहे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कराने की मांग भी रखी।बिजली के मुद्दे पर पार्टी ने बढ़े हुए बिजली बिल और बिजली दरों को लेकर जनता को राहत देने की मांग की। ज्ञापन में अनाप-शनाप बिलों की शिकायतों की जांच कर उचित निराकरण तथा उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाने की मांग की गई।इसके अलावा आम आदमी पार्टी ने प्रदेश में नशे के बढ़ते कारोबार पर नियंत्रण तथा मिलावटी शराब के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की मांग की। पार्टी नेताओं ने कहा कि नशे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए संबंधित विभागों को लगातार कार्रवाई करनी चाहिए। ज्ञापन में रखी गईं सात प्रमुख मांगें जिसमें किसानों के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन की प्रक्रिया सरल करने तथा रकबा समर्पण के नाम पर किसानों को होने वाली परेशानी दूर करने की मांग। सरकारी स्कूलों की बदहाली, शिक्षकों की कमी और गिरते शैक्षणिक स्तर में सुधार। अस्पतालों में डॉक्टरों, आवश्यक दवाइयों और बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना। गौधाम योजना से संबंधित शिकायतों की जांच तथा आवारा मवेशियों के उचित रखरखाव की व्यवस्था। बढ़ते नशे के कारोबार और मिलावटी शराब पर प्रभावी नियंत्रण। इस दौरान आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी भूपेश तिवारी, लोकसभा उपाध्यक्ष अशोक चौबे, जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोनी भाई राजा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष आरिफ खान, संगठन विचारक उज्जवल दिवान, युवा मोर्चा से प्रभांशु खोबरागड़े, रमेश पाल, सम्राट खत्री, पवन परखा, ललित, वरिष्ठ नेता ठाकुरी राम साहू, जिला मीडिया प्रभारी ललित कुमार कंवर, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, निलेश साहू सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा पुरखा के सुरता संरक्षकगणों की स्मृति में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

**11 डॉक्टरों का विशाल सेवा समूह सेवा में तत्पर**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव धर्म, संस्कार, सेवा के लिये जाना जाता है मानव सेवा माधव सेवा को शिरोधार्य करते हुए गणपति महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष सौरभ खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष संदेश जैन, सचिव अभिनव अग्रवाल ने बताया कि कल गणपति महोत्सव के सातवें दिवस के अवसर पर बाल रत्न मंच सेवा समिति, राजनांदगांव एवं आरोग्यम् सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में पुरखा के सुरता स्मृति शेष संरक्षकगण स्व. भगवान दास अग्रवाल, स्व. बेचरभाई पित्रोड़ा, स्व. रामनारायण विश्वकर्मा, स्व. सत्यनारायण अग्रवाल, स्व. गिरजाकुमार सिन्हा, स्व. निर्मलकुमार शर्मा, स्व. जगमोहन यादव, स्व. घनश्यामदास खंडेलवाल की स्मृति में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का विशाल आयोजन किया गया है। शिविर भाद्रपद शुक्ल राधा अष्टमी दिनांक 19 सितबंर 2026, शनिवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक, स्थान- ओम डेन्टल क्लीनिक, रामाधीन मार्ग, भूरा ज्वेलर्स के बाजू गली, राजनांदगांव। आयोजन में मुख्य अतिथि ला. दीपक जैन नवलखा अध्यक्ष लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी, अध्यक्षता श्री अतुल देशकर अधीक्षक मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव, अति विशेष अतिथि डॉ. प्रकाश खुटे, डॉ. मिथलेश शर्मा, श्री कमलेश बैद अध्यक्ष चेम्बर ऑफ कॉमर्स राजनांदगांव निःशुल्क चिकित्सा शिविर मानव सेवा, माधव सेवा में समर्पित डॉ. कुलदीप सिंह (नश एवं मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ), डॉ. नवीन राम दारूका (पथरी प्रोस्टेट एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. आर.के. साहू (किडनी एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. राजेश कुमार सिंघल (शुगर, बी.पी. थाइराइड रोग विशेषज्ञ), डॉ. जयेश कुमार सोनी (हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ), डॉ. यश जैन (न्यूरोलॉजिस्ट विशेषज्ञ), डॉ. नमन पिंचा (नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ), डॉ. आशीष चंद देवांगन (पेट, लीवर रेग विशेषज्ञ), डॉ. कल्याण श्याम वाजलवार (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. अमित जायसवाल (स्कीन एवं त्वचा रोग विशेषज्ञ), डॉ. सुमीत जायसवाल (दंत रोग विशेषज्ञ) उपस्थित होकर सेवा देंगे। आयोजन के चिकित्सा शिविर प्रभारी मयंक कृष्णा शर्मा निःशुल्क चिकित्सा शिविर की संपूर्ण व्यवस्था संचालित कर सेवा में दिन-रात जुटे हुए है। आयोजन समिति ने पूर्व पंजीयन हेतु 9039790805, 9827153440, 8349488000, 8319220028 पर संपर्क करें। संस्कारधानी के समस्त माता बंधुओं से उपस्थित होकर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठाने की अपील गणपति महोत्सव बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा की गई है। शिविर में आप अपनी पुरानी फाइल लेकर पहुंचने का निवेदन किया गया है। उपरोक्त जानकारी गणपति महोत्सव बाल रत्न मंच सेवा समिति के संयोजक राहुल अग्रवाल एवं चैतन्य अग्रवाल ने दी।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य वर्कशॉप प्रबंधक/द.पू.म. रेलवे, MIB/WS, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों को पूरा करने के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं **निविदा सूचना संख्या:** MIBW-2026-19-06-06-06R1 dated 09/09/2026, **कार्य का नाम:** काम के दायरे के अनुसार, मोतीबाग वर्कशॉप नागपुर में LHB AC कोच की इलेक्ट्रिकल POH गतिविधियाँ। **अनुमानित निविदा मूल्य (₹ में):** राशि ₹ 18,69,46,795.33 (रुपये अठारह करोड़ उनहत्तर लाख छियालीस हजार सात सौ पचानवे और तैंतीस पैसे मात्र)। (जीएसटी @18% सहित)। **बयाना राशि (₹ में):** राशि ₹ 37,38,900/– (रुपये सैंतीस लाख अड़तीस हजार नौ सौ मात्र)। **अनुबंध की अवधि:** 02 (दो) साल। **निविदा प्रपत्र की लागत (₹ में):** ₹ 0/– (रुपये शून्य मात्र)।

बोलीदाता **01/10/2026 को सुबह 11:00 बजे** तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकेंगे।

इस निविदा के लिए मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जाएंगे और ऐसे कोई भी मैन्युअल ऑफर मिलने पर उन्हें रिजेक्ट कर दिया जाएगा। जानकारी हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप. मुख्य यांत्रिक अभियंता (डब्ल्यू)/ द.पू.म.रेलवे/मोतीबाग/नागपुर

PAM/48/124

South East Central Railway @secrail


# कलयुगी बेटे को उम्रकैद : मां की हथौड़े से हत्या कर शव कुएं में फेंकने वाले आरोपी को अदालत ने सुनाई कड़ी सजा

**घुमका थाना क्षेत्र के ग्राम बिजेतला का मामला**

राजनांदगांव (दावा)। जन्मदात्री मां की नृशंस हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को कुएं में फेंकने वाले कलयुगी पुत्र को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता की अदालत ने आरोपी टुमन लाल साहू (32 वर्ष), निवासी ग्राम बिजेतला (थाना घुमका) को दोषी करार देते हुए धारा 302 के तहत आजीवन कारावास व 500 रुपये अर्थदंड तथा धारा 201 के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास व 500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने पर एक-एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। फैसला सुनाते हुए अदालत ने टिप्पणी की कि जन्म देने वाली माता की हत्या अत्यंत गंभीर व निंदनीय कृत्य है। मां-बेटे का संबंध प्राकृतिक व निकटतम पारिवारिक रिश्ता है, जहां मां के प्रति सम्मान, संरक्षण और दायित्व की अपेक्षा होती है। इसके विपरीत अपनी ही मां के जीवन का अंत करना नैतिक व पारिवारिक दायित्वों का घोर उल्लंघन है।

### पैसे के विवाद में हथौड़े से किया था ताबड़तोड़ वार

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले जिला लोक अभियोजक राजेश खांडेकर ने बताया कि 23 अप्रैल 2024 को ग्राम बिजेतला निवासी सूरज कोसरे के माध्यम से मृतिका कांति बाई साहू की संदेहास्पद मृत्यु की सूचना मिली थी। घुमका पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतिका के बड़े पुत्र अवधराम साहू की मौजूदगी में शव पंचनामा किया। अवधराम की रिपोर्ट पर हत्या का अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान मृतिका का छोटा बेटा टुमन साहू फरार पाया गया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे ग्राम कोडिया (थाना उतई, जिला दुर्ग) से हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि 24 अप्रैल 2024 को उसने मां से पैसे मांगे थे। इनकार करने पर उसने गुस्से में आकर लोहे के हथौड़े से मां पर ताबड़तोड़ प्राणघातक वार किए, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद साक्ष्य छुपाने की नीयत से उसने शव को कुएं में फेंक दिया।

### चांदी की करधन बेचकर भागा था आरोपी

हत्या के बाद आरोपी मृतिका के शरीर से चांदी की करधन निकालकर पेंड्रावन (दुर्ग) स्थित गणेश ज्वेलर्स में 46 हजार रुपये में बेचकर फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा था और विवेचना पूर्ण कर न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। अदालत ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर दोष सिद्ध पाते हुए आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## अनमोल 'दावा'

**इंसान कहता है कि पैसा आए तो कुछ करूँ, पैसा कहता है कुछ तू कर, तो मैं आऊँ।**

## चीन आर्थिक और औद्योगिक राजा है, रूस कच्चे माल और ऊर्जा में आगे है, यहां भारत केवल उपभोक्ता है?

देश-विदेश के नेता, डेलिगेशन भारत पहुंचे और विभिन्न नाना प्रकार के करारों की बातें भी हुई है। भारत वैश्विक मंच पर अपनी विशेष छाप छोड़ने प्रयासरत रहा, जिसमें अधिकांशतः वर्तमान में सफल देखा जा रहा है। ''ब्रिक्स'' जैसी विश्व की महत्वपूर्ण संस्था की यजमानी से भारत का प्रभाव वैश्विक स्तर पर बढ़ा है। व्यापार, उद्योग और व्यूहात्मक स्वायत्तता के मंचों पर भारत की निगाहें खासकर रूस और चीन के नेता क्रमशः पुतीन और जिनपिंग पर थीं।

भारत में रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया और अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक रिपोर्ट्स देश के आंकड़े पेश करता हैं, तब ''मेक इन इंडिया'' और ''आत्मनिर्भर भारत'' जैसे नारे क्या सच का असली जामा पहिनेंगे? वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारत के चालू खाते का पुल बढ़कर बढ़कर 4.2 अरब डॉलर तक पहुंच गया है और मर्चेंडाइज़ ट्रेड डेफिसिट में 25 प्रतिशत का भयावह उछाल आया है। हम विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की महत्वाकांक्षा रखते हैं। परंतु, हकीकत यह है कि हमारा आर्थिक इंजन चीन से हो रहे आयात और रूस के क्रूड आईल के बगैर एक कदम भी आगे बढ़ सकने की स्थिति में नहीं है।

उल्लेखनीय है कि, चीन की सीमा पर तनाव के नाम पर देशभक्ति की बातें सतही हैं, किंतु आर्थिक वास्तविकता नितान्त विपरीत और शर्मनाक है। वर्ष 2026 की पहली छैः माही में ही भारत और चीन का व्यापार 91.72 अरब डॉलर रहा है, जिसमें भारत का व्यापारिक आंकड़ा कल्पना के बाहर 67.1 अरब डॉलर तक पहुंच गया है।

भारत को चीन से 79.41 अरब डॉलर का सामान आयात करना पड़ा है, जबकि, हमारा निर्यात केवल 12.31 अरब डॉलर तक सिमट गया है। ये आंकड़े केवल तुलनात्मक असंतुलन नहीं दर्शा रहे हैं, किंतु भारतीय उत्पादन क्षेत्र की कमजोरी और असमर्थता को इंगित करते हैं। हम चीन के पास से अर्थतंत्र की रीढ़ की हड्डी सदृश्य सेमी कंडक्टर्स, इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स, कम्प्यूटर्स उपकरण, इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियां और औद्योगिक मशीनें खरीदते हैं।

जो देश अपने मोबाइल, लैपटॉप और दवाओं के मूलभूत घटकों के लिए भी चीन पर निर्भर हैं। वह देश सीमा पर चीन को लाल ओखें कैसे दिखा सकता है? वैश्विक स्तर पर विश्व में निर्यात के मामले में चीन ''नंबर वन'' है। वह हाई-टैक मैन्युफैक्चरिंग और रिसर्च इकोसिस्टम सेक्टर्स में हमसे मीलों आगे है।

जहाँ तक रूस बाबत यह कि भारत रूस से तेल खरीद रहा है, किंतु व्यापारिक दृष्टि से यह सौदा किसके पक्ष में फायदेमंद है? यह विचारणीय है। चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में रूस से भारत का आयात 52.59 प्रतिशत बढ़कर अनुमानित 23.61 अरब डॉलर हो गया है। भारत क्रूड तेल, खाद और रत्नों के लिए अरबों रुपये रूस को भुगतान कर रहा है, किंतु, इसके बदले में हमारे निर्यात की स्थिति नहींपत है।

इस परिप्रेक्ष्य में यह कि, व्यापार संतुलन का झुकाव मॉस्को की ओर है। पूर्व में भारत रुपये में भारत के साथ व्यापार करने की बात पर ज़ोर देकर कह था, किन्तु, रूस ने भारतीय रुपये को स्वीकारने से इन्कार कर दिया था। उसने युआन अथवा यूएई दिरहम में पेमेंट की मांग की थी। उसी समय कथित आर्थिक स्वायत्तता की हवा निकल गई थी। रूस से व्यापार केवल हमारी ऊर्जा भूख को तृप्त करने का महंगा साधन बन रहा है, जिसके कारण भारत अपना निर्यात बाज़ार बढ़ाने में असफल हुआ है।

इस प्रकार, वर्तमान परिप्रेक्ष्य में नजर डालें तो भारत ब्रिक्स का यजमान बनकर ग्लोबल साउथ में अपनी आवाज बुलंद करने में सफल तो हुआ है, किंतु, इस आवाज को कितना प्रतिसाद मिलता है? यह समय बताएगा।

ब्रिक्स में शामिल देशों में चीन की आर्थिक और ओद्योगिक सत्ता सर्वोपरि है। रूस कच्चे माल और ऊर्जा का सर्वोच्च खिलाड़ी है। जब कि, भारत केवल एक ''मेगा मार्केट'' बनकर बैठा है। एक उपभोक्ता राष्ट्र कभी भी उत्पादक देशों के सामने अपनी शर्तें लाद नहीं सकता। वैश्विक मंच पर आर्थिक समानता साबित करना लोहे के चने चबाने जैसा है। उल्लेखनीय है कि, किसी भी देश की औद्योगिक क्षमता उसकी ऊर्जा सुरक्षा पर निर्भर करती है।

# भारत को नई पहचान देने वाले मोदी

(अशोक त्रिपाठी)

**ऊर्जावान, समर्पित एवं दृढ़ निश्चय वाले नरेन्द्र मोदी एक अरब से अधिक भारतीयों की आकांक्षाओं और आशाओं के द्योतक हैं। मेह्नती, लगनशील और जुझारू नरेन्द्र मोदी करोड़ों भारतीयों की उम्मीदों का चेहरा हैं। जबसे उन्होंने प्रधानमंत्री पद संभाला है, तबसे देश को उस विकास की ओर ले जाने के लिए अग्रसर हैं। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितम्बर 2026 को 76 वर्ष के पूरे हो जाएंगे। आज भी उनमें युवाओं जैसी ऊर्जा है। गत वर्ष 12-13 सितम्बर को दिल्ली में ब्रिक्स की शिखर बैठक में रूस के राष्ट्रपति पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ अलग-अलग वार्ता करके भविष्य को साझा किया, उससे उनकी कूटनीतिक क्षमता का पता चलता है। इतना ही नहीं ब्रिक्स में संयुक्त अरब अमीरात, ईरान और अन्य देशों की सहमति बनाना भी मोदी की विदेश नीति की कुशलता दर्शाता है। मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक का नेतृत्व किया और निर्वाचित सदस्य के रूप में पंडित नेहरू का भी रिकार्ड तोड़ा है। उनके दीर्घायु की कामना करते हुए 17 सितम्बर से सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसके तहत देश भर में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, पौध रोपण और खेल महोत्सव जैसे आयोजन होंगे। यह सेवा पखवाड़ा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर तक चलेगा। यहां हम नरेन्द्र मोदी के पीएम रूप में कुछ प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डालकर उन्हें जन्मदिन की बधाई देंगे।**




श्री नरेन्द्र मोदी ने 26 मई 2014 को भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और वे भारत के प्रथम प्रधानमंत्री हैं जिनका जन्म आजादी के बाद हुआ है। ऊर्जावान, समर्पित एवं दृढ़ निश्चय वाले नरेन्द्र मोदी एक अरब से अधिक भारतीयों की आकांक्षाओं और आशाओं के द्योतक हैं। मेहनती, लगनशील और जुझारू नरेन्द्र मोदी करोड़ों भारतीयों की उम्मीदों का चेहरा हैं। जबसे उन्होंने प्रधानमंत्री पद संभाला है, तबसे देश को उस विकास की ओर ले जाने के लिए अग्रसर हैं जहां हर देशवासी अपनी आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा कर सके। प्रधानमंत्री अंत्योदय के विचार से काफी प्रेरित हैं, वह अंतिम पायदान पर खड़े एक-एक व्यक्ति का पूर्ण विकास करना चाहते हैं। उनके अनोखे विचारों, निर्णयों ने उन्हें देश और विदेश में काफी लोकप्रिया बना दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्रमुख उपलब्धियों में अनुच्छेद 370 की समाप्ति, डिजिटल इंडिया और जनधन योजना शामिल हैं जम्मू-कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा समाप्त किया गया। मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए तीन तलाक की प्रथा को गैरकानूनी घोषित किया गया।

अयोध्या में ऐतिहासिक राम मंदिर का निर्माण पूरा हुआ। वित्तीय समावेशन और डिजिटल क्रांति में प्रधानमंत्री जनधन योजना में करोड़ों बैंक खाते खोलकर देश के आम नागरिकों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया। डिजिटल इंडिया और यूपीआई के माध्यम से भारत डिजिटल पेमेंट के क्षेत्र में दुनिया में अग्रणी बना। जीएसटी एक देश, एक कर की व्यवस्था लागू की गई। सामाजिक कल्याण योजनाओं में आयुष्मान भारत योजना से गरीबों को मुफ्त इलाज की सुविधा देने के लिए दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजनाओं में से एक शुरू की गई, जिसका दायरा बढ़ाकर 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को भी जोड़ा गया।

स्वच्छ भारत योजना के तहत देश भर में करोड़ों शौचालयों का निर्माण हुआ और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी। प्रधानमंत्री आवास योजना में गरीबों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन बांटे गए इंफ्रास्ट्रक्चर और अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए वंदे भारत और अमृत भारत जैसी ट्रेनों का संचालन शुरू हुआ। हाईवे, एक्सप्रेसवे और रेलवे के बुनियादी ढांचे का बड़े पैमाने पर विस्तार किया गया। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के तहत देश में विनिर्माण को बढ़ावा देने और रक्षा क्षेत्र सहित कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता हासिल करने पर जोर दिया गया। नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री पद तक का प्रेरणादायक सफर उत्तरी गुजरात के मेहसाना जिले के एक छोटे से कस्बे वड़नगर की तंग गलियों से शुरू हुआ। उनका जन्म 17 सितंबर 1950 को हुआ था। भारत की आजादी के तीन साल बाद जिससे वे औपनिवेशिक काल के बाद जन्मे पहले प्रधानमंत्री बने।

स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी पहल, का उद्घाटन 2 अक्टूबर 2014 को हुआ था और यह प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मई 2014 में भारत के प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के बाद चलाया गया पहला और सबसे महत्वपूर्ण अभियान था। इस राष्ट्रीय पहल का उद्देश्य खुले में शौच को समाप्त करना और पूरे भारत में स्वच्छता को बढ़ावा देना था। इस पहल के अंतर्गत 1 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालयों का निर्माण किया गया और 6 लाख से अधिक गांवों को खुले में शौच मुक्त घोषित किया गया। इसी प्रकार स्वास्थ्य क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण पहल, आयुष्मान भारत योजना का उद्घाटन 22 सितंबर 2018 को हुआ था, जो प्रधानमंत्री मोदी के दूसरे कार्यकाल से ठीक एक वर्ष पूर्व था। पीएम-जेएवाई के नाम से भी जानी जाने वाली यह योजना विश्व स्तर पर सरकार द्वारा प्रायोजित सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा योजना के रूप में उभरी, जो प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का कवरेज प्रदान करती है। इस कार्यक्रम के तहत 7 करोड़ से अधिक लोगों को निःशुल्क अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जेब से होने वाला खर्च काफी कम हुआ है और आवश्यक सर्जरी और उपचारों तक पहुंच में सुधार हुआ है। यह भी दावा किया जाता है कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के माध्यम से इसने भारत को डिजिटल स्वास्थ्य सुधारों की दिशा में आगे बढ़ाया है और लाखों लोगों के लिए डिजिटल स्वास्थ्य आईडी तैयार की हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य मोदी सरकार की सभी के लिए आवास पहल के तहत ग्रामीण और शहरी वंचितों को किफायती आवास उपलब्ध कराना था। आवास कार्यक्रम जून 2015 में शुरू किया गया था। लाभार्थियों को घर बनाने और खरीदने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी । इस पहल का लक्ष्य महिलाएं और वंचित समुदाय थे। देश के साथ विदेशों में भी मोदी को वहां के सर्वोच्च सम्मान प्रदान किये गये और संघर्षरत राष्ट्र मोदी से मध्यस्थता की अपेक्षा रखते हैं। (हिफी)

## विश्वकर्मा पूजा : श्रम, सृजन और तकनीकी चेतना को नमन

सुरेश सिंह बैस

भारत की संस्कृति में श्रम को केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि जीवन निर्माण की शक्ति माना गया है। यहां किसान की मेहनत से लेकर शिल्पकार की कला, कारीगर के कौशल से लेकर अभियंता की तकनीकी प्रतिभा तक हर प्रकार के सृजनशील श्रम को सम्मान देने की परंपरा रही है। इसी महान परंपरा का प्रतीक है भगवान विश्वकर्मा की पूजा। हर वर्ष 17 सितंबर को देश के अनेक हिस्सों में विश्वकर्मा पूजा श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाती है। औद्योगिक प्रतिष्ठानों, कारखानों, निर्माण स्थलों, कार्यशालाओं, दुकानों और तकनीकी संस्थानों में मशीनों, औजारों और उपकरणों की पूजो की जाती है। यह पर्व हमें



स्मरण कराता है कि कोई भी निर्माण केवल साधनों से नहीं, बल्कि मनुष्य के ज्ञान, कौशल, परिश्रम और रचनात्मकता से संभव होता है। भारतीय पौराणिक परंपरा में भगवान विश्वकर्मा को देवशिल्पी कहा गया है। उन्हें दिव्य वास्तुकार, निर्माण-कला और शिल्प-कौशल का अधिष्ठाता माना जाता है। पौराणिक कथाओं में अनेक भव्य नगरों, भवनों और दिव्य अस्त्र-शस्त्रों के निर्माण का संबंध भगवान विश्वकर्मा से जोड़ा गया है। इन कथाओं का सांस्कृतिक महत्व केवल धार्मिक विश्वास तक सीमित नहीं है। इनके भीतर यह विचार छिपा है कि ज्ञान और कौशल के माध्यम से मनुष्य असंभव को भी संभव बना सकता है।

आइए, भगवान विश्वकर्मा की पूजा के अवसर पर हम संकल्प लें कि हर ईमानदार श्रम का सम्मान करेंगे, कौशल को प्रोत्साहित करेंगे, तकनीक का जिम्मेदारी से उपयोग करेंगे, कार्यस्थल की सुरक्षा को प्राथमिकता देंगे और ऐसे निर्माण को बढ़ावा देंगे जो राष्ट्र के साथ प्रकृति के भविष्य को भी सुरक्षित रखे।भगवान विश्वकर्मा की सृजनशील चेतना हमें ज्ञान, कौशल, परिश्रम और नवाचार के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती रहे, यही इस पर्व की सच्ची सार्थकता है।



### गणेश जी का उपदेश

**ईमानदारी और लगन से परिश्रम करो !**

बिजली से चमकते
आकर्षक पंडाल भव्य आसन में
प्रथम पूज्य गणेश भगवान को
प्रसन्न मुद्रा में बैठे देखकर,
बानी बाबू भक्तिमय से हाथ जोड़कर,
फिर अपने नेत्र बन्द कर बोले -
हे विघ्नहरण भगवान !
हमारे विघ्नों को दूर करें !
जीवन को सुख-शान्ति से भरे !
मंगलमूर्ति मन्द-मन्द मुस्कराए,
बानी बाबू को अपने पास बुलाए,
आत्मीय स्वर में बोले -
'हे वत्स ! सदा-सर्वदा
सद् और असद् का ध्यान रखो!
तात्पर्य अच्छे और बुरे की पहचान करो।
और फिर बुरे काम छोड़े,
और अच्छे काम करो !
यह स्मरण रखो हमारे प्रिय वत्स !
जो लगन और ईमानदारी से
परिश्रम करता है,
वह भाग्य को बदलने की भी
शक्ति रखता है।'
(बुधवार 16 सितम्बर 2026)



गिरीश बख्शी

### विचार सरिता

## जीवन सूत्र : प्राचीन ग्रंथों से : अकर्मण्यता पाप है और कर्म करना सबसे बड़ा पुण्य

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



मनुष्य के जीवन में कर्मों की प्रधानता होती है। पलायन के बदले संघर्ष ही जीवन है। जड़ता के बदले त्वरण और गति ही जीवन है। गीता में कर्म, अकर्म और विकर्म की चर्चा की गई है। कर्म अर्थात किसी लक्ष्य या उद्देश्य की प्राप्ति से किए जाने वाले कर्म। वहीं अकर्म अर्थात कर्मों में फल की आसक्ति का अभाव अर्थात सात्विक निष्काम कर्म, वहीं विकर्म का अर्थ है- विपरीत कर्म, बुरे कर्म, निषिद्ध कर्म। मनुष्य के जीवन में विपरीत और कठिन परिस्थितियां आती ही हैं। एक सच्चे मनुष्य का कर्तव्य इन परिस्थितियों से अविचलित रहते हुए आगे बढ़ना और इनसे अप्रभावित रहकर उनके नुकसान को कम से कम बनाना और इस चुनौती को सुगम परिस्थिति के रूप में परिवर्तित कर देना है। ऐसी स्थिति से पलायन करना न सिर्फ मूर्खता है बल्कि यह पाप की श्रेणी में रखा जाएगा। अकर्मण्य बैठने से सक्रियता अच्छी है। अपना आजीविका कर्म करते हुए सेवा भाव और परोपकार के कर्म में स्वयं को समर्पित करना धर्म है। अगर महाभारत का संदर्भ देखें तो अर्जुन एक राजकुमार थे। उनका कर्तव्य एक सेनानायक के रूप में युद्ध में अपना योगदान करना था। द्वापर युग का सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर होते हुए भी अर्जुन मोहग्रस्त हो गए थे और अपना कर्तव्य भूल बैठे थे। श्री कृष्ण ने अपनी ओजस्वी वाणी से उन्हें युद्ध के लिए तैयार किया क्योंकि अर्जुन के हथियार रखने मात्र से दुर्योधन का हृदय परिवर्तन हो जाता, ऐसा संभव ही नहीं था। अर्जुन ने अपना योद्धा धर्म निभाया और फिर वे युद्ध के मैदान में उतर पड़े। वर्तमान युग में शास्त्रोक्त कर्म जन्म के स्थान पर कर्म आधारित हैं। उस समय भी रक्षा के उद्देश्य से शस्त्र उठाने वाले सभी क्षत्रिय थे। अर्जुन अपना यह शास्त्र विहित कर्म भूल रहे थे। वह भी पांडवों के एक शीर्ष सेनानायक होते हुए और लंबी मंत्रणा -विचार -विमर्श के दौर के बाद युद्ध का निर्णय हो जाने पर भी। हिंसा और युद्ध एक बुराई है। विकर्म है।ऐसा विकर्म अपने सात्विक उद्देश्य के कारण अकर्म (निस्वार्थ कर्म)बन जाता है, जो धर्म युद्ध के कारण उस समय अर्जुन के लिए बन गया था। पांडवों के सामने लक्ष्य केवल अपने खोए राज्य की प्राप्ति का होता तो यह केवल कर्म होता अर्थात फल के उद्देश्य से किया जाने वाला कर्म। पांडवों ने श्री कृष्ण के मार्गदर्शन में उसे दुर्योधन के अत्याचार से पूरी जनता की मुक्ति के उद्देश्य से किया, इसलिए यह कर्म के बदले अकर्म बन गया- एक कर्तव्य कर्म जो सभी की सामूहिक जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए किया जाने वाला सामूहिक प्रयत्न था।

**स्रोत श्लोक :**

*गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा है:*
*नियतं कुरु कर्म त्वं कर्म ज्यायो ह्यकर्मणः।*
*शरीरयात्रापि च ते न प्रसिद्धयेदकर्मणः।।3/8।।*

इसका अर्थ है, हे अर्जुन! तू शास्त्रविधि से निश्चित किए हुए कर्तव्य-कर्म कर; क्योंकि कर्म न करने की अपेक्षा कर्म करना श्रेष्ठ है तथा कर्म न करने से तेरा शरीर निर्वाह भी सिद्ध नहीं होगा।

## राशिफल

**मेष**
सुबह के समय रचनात्मकता और प्रेम से जुड़े विषयों में मन सहज रहेगा। दोपहर बाद जब मन थोड़ा अस्थिर हो जाएगा, तो जल्दबाजी में कोई फैसला न लें, खुद को थोड़ा समय दीजिए। घर के मामलों में सुख और स्थिरता रहेगी। साझेदारी में मिठास बनी रहेगी। बातचीत में स्पष्टता रहेगी। खर्चों पर हल्की नजर रखें। शुभ रंग : लाल । शुभ अंकः 9 उपाय- आज गणेश जी को दूर्वा अर्पित करें।

**वृष राशि**
सुबह घर और परिवार से जुड़े विषयों में मन शांत रहेगा। दोपहर बाद मन थोड़ा भावुक या अस्थिर हो सकता है, ऐसे में परिवार से जुड़ी किसी बात को दिल से ज्यादा न लगाइए। सेहत और रोजमर्रा के कामकाज में आज सुधार रहेगा। वाणी में स्पष्टता महसूस होगी। पैसों के मामले में लाभ धीरे धीरे मिलेगा, धैर्य बनाए रखें। शुभ रंगः क्रीम । शुभ अंकः 6उपाय : आज विद्यार्थियों को कॉपी-किताब दान करें।

**मिथुन**
आज व्यक्तित्व में सक्रियता तो रहेगी पर साथ में हल्की बेचैनी भी महसूस होगी, कोई भी बड़ा फैसला आज टाल दीजिए। सुबह धन और वाणी के मामलों में स्पष्टता रहेगी, दोपहर बाद मन थोड़ा अस्थिर हो सकता है। प्रेम और रचनात्मकता में मिठास रहेगी। करियर में मेहनत का फल थोड़ी देर से मिलेगा, संयम बनाए रखिए। शुभ रंग : हरा । शुभ अंक : 5 उपाय : आज गणपति बाप्पा को मोदक अर्पित करें।

**कर्क**
आपके व्यक्तित्व में देवगुरु की कृपा आज भी बनी हुई है। सुबह घर के मामलों में सुख रहेगा, दोपहर बाद धन और वाणी को लेकर मन थोड़ा संवेदनशील हो सकता है, फिजूल खर्च से बचें। रिश्तों में गहराई महसूस होगी। बुद्धि और वाणी में स्पष्टता महसूस होगी। नए काम की शुरुआत में आज थोड़ी सावधानी बेहतर रहेगी। शुभ रंग : सफेद । शुभ अंक : 2 उपाय : आज भगवान विष्णु को पीले वस्त्र अर्पित करें।

**सिंह**
आज व्यक्तित्व में आत्मविश्वास तो रहेगा पर महत्वाकांक्षा को लेकर मन में हल्की बेचैनी भी महसूस हो सकती है, संयम रखिए। सुबह धन और वाणी के मामले अच्छे रहेंगे, दोपहर बाद मन थोड़ा भावुक हो सकता है। घर के मामलों में सुख रहेगा। रिश्तों में समझदारी बढ़ेगी। किसी जोखिम भरे फैसले से पहले एक बार और सोच लीजिए। शुभ रंग : सुनहरा । शुभ अंक- 1उपाय- आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करें।

**कन्या**
आज आपके लग्न में बुद्धि की स्थिति बेहद मजबूत है, सोच में स्पष्टता और गहराई दोनों रहेंगी। साथ ही ऊर्जा भी भरपूर रहेगी, पर आज अनुशासन और जोश के बीच संतुलन बनाना जरूरी है, जल्दबाजी में कोई बात न कहें। धन के मामलों में मिठास रहेगी। करियर में आज संघर्ष जैसा महसूस हो सकता है, संयम से काम लीजिए। लाभ और सामाजिक दायरे में देवगुरु का साथ मिलेगा।

**तुला**
सुबह के समय व्यक्तित्व में आकर्षण और आत्मविश्वास दोनों रहेंगे। दोपहर बाद मन थोड़ा संवेदनशील हो सकता है, इसलिए रिश्तों में कोई बात दिल से ज्यादा न लगाइए। लाभ और सामाजिक दायरे से जुड़े विषयों पर मन शांति से विचार करेगा। करियर में देवगुरु का साथ मिलेगा। किसी जरूरी बातचीत या सौदे में आज थोड़ी सावधानी रखें। शुभ रंगः गुलाबी । शुभ अंक : 6उपाय : आज लक्ष्मी चालीसा का पाठ करें।

**वृश्चिक**
आज सुबह के बाद आपके लग्न में मन कमजोर और संवेदनशील स्थिति में रहेगा, आत्मविश्वास में हल्की कमी या भावनात्मक उतार-चढ़ाव महसूस हो सकता है। खुद के प्रति नरमी रखिए, आज कोई बड़ा फैसला या नई शुरुआत टालना बेहतर रहेगा। करियर से जुड़े विषयों पर मन सक्रिय रहेगा। भाग्य और पिता से जुड़े मामलों में देवगुरु का साथ मिलेगा। रिश्तों में प्यार से बात रखिए।

**धनु**
आज भाग्य और आस्था से जुड़े विषयों में देवगुरु का साथ मिलेगा। सुबह भाग्य के मामलों में सक्रियता रहेगी, दोपहर बाद मन थोड़ा भावुक हो सकता है। साझेदारी या जीवनसाथी के साथ आज बहस से बचिए। करियर में मेहनत का फल मिलेगा भले थोड़ी देर से। कोई जोखिम भरा फैसला आज टालना बेहतर रहेगा। शुभ रंगः पीला 7 शुभ अंक : 3 उपाय : माथे पर केसर या हल्दी का तिलक लगाएं।

**मकर**
आज साहस और मेहनत में धीमी लेकिन पक्की प्रगति बनी रहेगी, निरंतरता बनाए रखिए। सुबह अचानक घटनाओं पर मन विचारशील रहेगा, दोपहर बाद यह थोड़ा और गहरा हो सकता है, सतर्क रहें। रिश्तों में देवगुरु का साथ मिलेगा। करियर में सफलता और सम्मान के योग हैं। प्रतिस्पर्धा में आज थोड़ी अतिरिक्त मेहनत लगेगी। शुभ रंगः सफेद । शुभ अंक : 8उपाय : काले तिल, काली उरद या लोहे का दान करें।

**कुंभ**
आज व्यक्तित्व में रहस्यमय आकर्षण बना रहेगा, पर महत्वाकांक्षा को लेकर मन में हल्की बेचैनी भी महसूस हो सकती है। सुबह रिश्तों में गर्माहट रहेगी, दोपहर बाद मन थोड़ा संवेदनशील हो सकता है। धन के मामलों में अनुशासन जरूरी है। सेहत और प्रतिस्पर्धा में देवगुरु का साथ मिलेगा। रचनात्मकता और प्रेम में जल्दबाजी से बचिए।

**मीन**
आज रचनात्मकता, प्रेम और भाग्य में देवगुरु का आशीर्वाद बना हुआ है। जीवन में गंभीरता और जिम्मेदारियों का बोझ आज भी रहेगा, पर आज बुद्धि और भाग्य दोनों का साथ मिलने से राह आसान होगी। सुबह सेहत के मामलों में ध्यान देना होगा, दोपहर बाद मन थोड़ा संवेदनशील हो सकता है। रिश्तों में गर्माहट रहेगी।

### कविता

## नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भावनाओं की ग़ज़ल



मोदी जी के जन्मदिन पर दिल से निकली दुआ,
देश के लिए समर्पित रहे जीवन की हर अदा।
माटी की खुशबू लेकर जो दिल्ली तक आए हैं,
जन-जन के विश्वासों में अपना घर बनाए हैं।
नरेंद्र मोदी नाम नहीं, एक संकल्प की पहचान,
भारत की सेवा को बनाया जीवन का अरमान।
मुश्किल राहों में भी हौसलों की बात करते हैं,
देशहित को सबसे ऊपर रखकर काम करते हैं।
गांव-गरीब की आंखों में उम्मीदों का उजास रहे,
भारत की धरती पर खुशियों का निवास रहे।
मोदी जी, जन्मदिन पर बस इतनी सी दुआ है,
भारत की सेवा में आपका हर पल सदा रहे।
ईश्वर आपको स्वस्थ और दीर्घ जीवन प्रदान करे,
आपके कर्मों से देश का मान और ऊंचा रहे।
17 सितंबर का दिन खुशियों से भर जाए,
नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन
की शुभकामना मिल जाए।

बी.एस. चौहान 'आतिश'
मोतीपुर, राजनांदगांव

# नगर पालिका की लचर कार्यप्रणाली : तीन वर्षों से शो-पीस बना कालका पारा का वाटर कूलर, राहगीर व वार्डवासी बूंद-बूंद पानी को तरसे



**हजारों खर्च कर कराई गई थी मरम्मत, दो दिन चलकर फिर हो गया ठप**

डोंगरगढ़ (दावा)। नगर पालिका प्रशासन की अनदेखी और उदासीनता के चलते वार्ड नंबर 10 कालका पारा स्थित सार्वजनिक वाटर कूलर विगत तीन वर्षों से बंद पड़ा है। स्टेशन के पीछे व बौद्ध विहार के सामने मुख्य चौक पर स्थित होने के कारण यहां दिनभर सैकड़ों लोगों की आवाजाही रहती है। साथ ही राजनांदगांव जाने वाली बसों का स्टॉपेज भी यहीं है। विडंबना यह है कि वर्तमान पार्षद मुकेश सहारे और नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे का यह गृह वार्ड होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी आमजन की इस बुनियादी समस्या पर आंखें मूंदे बैठे हैं।

### मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति, दो दिन में ही सिस्टम फेल

वार्ड पार्षद मुकेश सहारे ने बताया कि लगातार मांग के बाद पालिका प्रशासन ने एक वर्ष पूर्व पालिका मद से हजारों रुपये खर्च कर इसकी मरम्मत कराई थी। उन्होंने अपनी पार्षद निधि से मजबूत कार्य कराने का प्रस्ताव भी दिया था, जिसे नजरअंदाज कर दिया गया। नतीजा यह रहा कि मरम्मत के महज दो दिन बाद ही वाटर कूलर दोबारा बंद हो गया। इसके बाद दर्जनों बार शिकायत के बावजूद पालिका प्रशासन ने सुध नहीं ली।

वार्डवासी आशीष इंदुरकर ने बताया कि पूर्व में पार्षद रहे लोकेश इंदुरकर व अनिता इंदुरकर द्वारा जनहित में इसकी स्थापना कराई गई थी। लेकिन पिछले तीन वर्षों से जनप्रतिनिधियों व पालिका सीएमओ के चक्कर काटने के बाद भी कोई ठोस पहल नहीं हुई।

### विधायक से मिला आश्वासन, विरोध में जलेंगी मोमबत्तियां

पार्षद मुकेश सहारे ने बताया कि पालिका की निष्क्रियता को देखते हुए उन्होंने क्षेत्रीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल से नए वाटर कूलर की मांग की थी, जिस पर उन्होंने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इधर, समस्या का समाधान न होने पर रोष जताते हुए पार्षद सहारे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर जहां सत्तापक्ष के नेता दीप प्रज्वलित कर रहे हैं, वहीं वार्डवासी नेताओं व पालिका प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए बंद पड़े वाटर कूलर के समक्ष मोमबत्तियां जलाकर अपना अनोखा विरोध दर्ज कराएंगे।

**0 पालिका अध्यक्ष के गृह वार्ड की अनदेखी पर फूटा आक्रोश; विधायक ने दिया नए वाटर कूलर का आश्वासन**
**0 प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर बंद पड़े वाटर कूलर के सामने मोमबत्ती जलाकर विरोध जताएंगे पार्षद**

### पूर्व पार्षद ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



समस्या को देखते हुए पूर्व पार्षद श्रीमती अनिता लोकेश इंदुरकर ने बंद पड़े वाटर कूलर को पुनः चालू कराने का संकल्प लिया है। उन्होंने वार्डवासियों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन पालिका सीएमओ को सौंपते हुए मांग की है कि जर्जर हो चुके इस सिस्टम को हटाकर नया वाटर कूलर स्थापित किया जाए, ताकि यात्रियों व स्थानीय नागरिकों को शुद्ध शीतल पेयजल मिल सके।

# अंधेरे से उजाले की ओर बढ़ते कदम, 12 स्थानों पर लगी स्ट्रीट लाइट



**० शासन के पैसे का इंतजार किए बिना पार्षद ने हजारों रुपए खर्च कर जनकल्याण की ओर बढ़ाया कदम**
**० जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी केवल सरकारी बजट और योजनाओं पर निर्भर रहना नहीं होती - पार्षद कोंडा विनायक राव**

डोंगरगढ़ (दावा)। जनकल्याण के लिए किए जाने वाले कार्य में नगर पालिका की प्रक्रिया इतनी जटिल और महंगी होती है कि किसी भी कार्य की स्वीकृति कराना से लेकर उसे संपन्न कराने में वार्ड के जन प्रतिनिधि सहित वार्डवासियों को अत्यधिक परिश्रम करना पड़ता है, यह प्रक्रिया इतनी जटिल और महंगी होती है कि कार्य संपन्न होने के पश्चात वार्ड वासी किए गए कार्यों से संतुष्ट नहीं हो पाते। इन झंझटों से मुक्त होते हुए वार्ड नंबर तीन के पार्षद कोंडा विनायक राव ने आवश्यक कार्यों को स्वयं के खर्चे से कराना बेहतर समझा।

आगे भी वे स्व-प्रेरित होकर शासन से प्राप्त होने वाली राशि का इंतजार किए बिना अपने स्वयं के खर्चे पर जनहित से जुड़े कार्यों को कराने का संकल्प लिए हुए आगे बढ़ रहे है।

वार्डवासियों ने बताया कि,वार्ड नंबर 3 के टिकरापारा और केदारवाडी के अंदरूनी इलाकों में स्ट्रीट लाइट के नहीं होने से वार्ड वासियों को रात्रि में अनेक सुविधाओं का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्र में लंबे समय से बनी रोशनी की समस्या को दूर करने के लिए पार्षद कोंडा विनायक राव द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी पहल के तहत अब तक वार्ड के अलग-अलग जरूरतमंद स्थानों पर 12 स्ट्रीट लाइटें स्थापित की जा चुकी हैं।स्ट्रीट लाइट लगने के बाद उन स्थानों पर रात के समय रोशनी की व्यवस्था बेहतर हुई है, जहां पहले अंधेरा रहने के कारण नागरिकों को आवागमन में परेशानी होती थी। इससे आम लोगों को सुविधा मिलने के साथ रात के समय सुरक्षा का माहौल भी बेहतर हुआ है।

पार्षद कोंडा विनायक राव ने बताया कि,इस पहल की एक खास बात यह है कि इन 12 स्ट्रीट लाइटों के लिए सरकारी राशि का उपयोग नहीं किया गया है। पार्षद का कहना है कि जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी केवल सरकारी बजट और योजनाओं पर निर्भर रहना नहीं है।

जहां संभव हो, वहां अपने स्तर पर संसाधन जुटाकर भी जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि समाजसेवी और जनप्रतिनिधि अपने-अपने स्तर पर छोटे लेकिन आवश्यक कार्यों की जिम्मेदारी लें, तो कई समस्याओं का समाधान सरकारी प्रक्रिया और बजट का इंतजार किए बिना जल्द किया जा सकता है। इससे नागरिकों को समय पर सुविधा मिलने के साथ सरकारी संसाधनों पर भी अनावश्यक दबाव कम हो सकता है।पार्षद ने कहा कि वार्ड में इसी सोच के साथ जनहित से जुड़े जरूरी कार्यों को प्राथमिकता देते हुए लगातार प्रयास जारी रहेंगे।

## पहला कॉलम...

# आशीर्वाद का दीया अभियान में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए दिनेश गांधी



डोंगरगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित आशीर्वाद का दीया अभियान के तहत पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर दीपक खरीदे।

इस अवसर पर श्री गांधी ने कहा कि यह अभियान जनभागीदारी और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए दीपक खरीदे और अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। साथ ही आमजन एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर अपने घर में आशीर्वाद का दीया जरूर जलाएं और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करें। उन्होंने कहा कि यह दीपक देश के विकास, सेवा और उज्ज्वल भविष्य के प्रति जनभावनाओं का प्रतीक बने। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों में उत्साह देखने को मिला। सभी ने मिलकर अभियान के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने की बात कही। इसमें श्री गांधी सहित रामकुमार गुप्ता, भुवन साहू, कोमल साहू, योगेश पटेल, राजा जैन आदि कार्यकर्ताओं ने दिये खरीदे।

# आज 21 हजार आशीर्वाद के दीये प्रज्वलित कर सेवा समर्पण एवं जनभागीदारी का देंगे संदेश

डोंगरगांव (दावा)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी मंडल डोंगरगांव द्वारा सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान की शुरुआत 17 सितंबर से आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम मंडल के सभी बूथों के घर घर में दिया जलाने के कार्यक्रम से किया जाएगा। इसी क्रम में भाजपा मंडल डोंगरगांव द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम को व्यापक जनभागीदारी के साथ आयोजित किया जाएगा। मंडल क्षेत्र में कुल 21 हजार दीये प्रज्वलित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।आज 17 सितंबर को मंडल क्षेत्र के सभी बूथों, गांवों, नगर क्षेत्र, चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर आशीर्वाद का दीया प्रज्वलित किया जाएगा। इस अवसर पर सेवा जनभागीदारी एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। भाजपा मंडल डोंगरगांव द्वारा अभियान को प्रभावी बनाने के लिए संगठन के पदाधिकारियों, मोर्चा-प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ-ज्येष्ठ कार्यकर्ताओं तथा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अपने-अपने क्षेत्रों एवं बूथों में जिम्मेदारियां दी गई हैं। कार्यकर्ताओं द्वारा नागरिकों से संपर्क कर कार्यक्रम में सहभागिता के लिए आग्रह किया जाएगा। भाजपा मंडल डोंगरगांव अध्यक्ष दीना पटेल एवं उनकी मंडल की पूरी टीम ने मंडल के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से 17 सितंबर को अपने-अपने घरों एवं मण्डल के 54 बूथों में गांव - गांव, घर - घर साथ ही निर्धारित स्थानों पर आशीर्वाद का दीया प्रज्वलित कर 'सेवा संकल्प अभियान' में सहभागिता निभाने का आग्रह किया है।

# आज ग्राम इंदामरा में मनेगी विश्वकर्मा जयंती: जस झांकी की सजेगी महफिल, जुटेंगे जनप्रतिनिधि

**0 विश्वकर्मा झेरिया लोहार समाज परिक्षेत्र व ग्रामीणों द्वारा होगा भव्य आयोजन**

राजनांदगांव (दावा)। विश्वकर्मा झेरिया लोहार समाज परिक्षेत्र एवं ग्राम इंदामरा के संयुक्त तत्वावधान में 17 सितंबर 2026, गुरुवार को देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा जयंती समारोह धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। जयंती समारोह के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया है, जिसमें ग्राम पलांदूर (डोंगरगढ़) के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा 'शीतला के अचरा नंदगईहा' जस झांकी की सुंदर व मनोरम प्रस्तुति दी जाएगी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनप्रतिनिधि और समाज प्रमुख शामिल होंगे: श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव (अध्यक्ष, जिला पंचायत), श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा (सभापति, जिला पंचायत), राजेन्द्र सिंह ठाकुर (सदस्य, जनपद पंचायत), मनोज साहू (मंडल अध्यक्ष, भाजपा ग्रामीण मंडल पश्चिम), नरेश नेताम (पूर्व जिलाध्यक्ष, आदिवासी समाज), ईश्वर विश्वकर्मा (संरक्षक, विश्वकर्मा समाज, शिकारीटोला छुरिया), आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं एवं सामाजिक बंधुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत अनापत्ति प्रमाण पत्र का हुआ वितरण



खैरागढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना (नगरीय) 2.0 के तहत नगर पालिका परिषद परिसर में एक भव्य अनापत्ति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह उपस्थित रहे।। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका क्षेत्र के 57 पात्र हितग्राहियों को अपने पक्के मकान के सपने को साकार करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रमाण पत्र मिलते ही हितग्राहियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने पक्के मकान की सौगात मिलने पर खुशी जताई।

### मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री का जताया आभार

समारोह के दौरान अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह के समक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव का हृदय से आभार व्यक्त किया। हितग्राहियों का कहना था, कि केंद्र व राज्य सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना के कारण अब उनका स्वयं के पक्के मकान का सपना पूरा होने जा रहा है, जिससे उनके परिवार को झोपड़ियों और कच्चे मकानों की समस्याओं से मुक्ति मिलेगी।

### नए जिले को संवारने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी - विक्रांत सिंह

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य हर गरीब के सिर पर पक्की छत मुहैया कराना है।। इसी कड़ी में PMAY 2.0 के तहत आज 57 परिवारों को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि शहर के बुनियादी ढांचे और चौमुखी विकास के लिए बजट और संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। राज्य की भाजपा सरकार नए जिले को संवारने और इसे विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए लगातार नई योजनाओं को स्वीकृति प्रदान कर रही है।

### वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और नगरवासी रहे मौजूद

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेसर साहू, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गिरजा चन्द्राकर, शशांक ताम्रकार, विकेश गुप्ता, प्रकाश सिंह, जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह, मंडल महामंत्री ऋषभ सिंह, संजय शर्मा, रामाधार रजक, शैलेन्द्र वर्मा, गोरेलाल वर्मा, अजय जैन, देविन बाई कोठले, मोनिका रजक, सुमित टांडिया, रूपेंद्र रजक, नंद चन्द्राकर, अनिल अग्रवाल सीएमओ पुनीत वर्मा सहित बड़ी संख्या में पालिका के कर्मचारी और स्थानीय नगरवासी उपस्थित थे।

# सेवा संकल्प अभियान : जिले में प्रज्वलित होंगे 1 लाख 8 हजार दीप




**० तीनों ब्लॉक मुख्यालयों में शाम 5 बजे से आयोजन, शाम 7 बजे होगा सामूहिक दीप प्रज्वलन**
**० प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सेवा यात्रा को समर्पित होगा 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम**

मोहला(दावा)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' के शुभारंभ अवसर पर 17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के तहत मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 1 लाख 8 हजार दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा यात्रा को समर्पित रहेगा। मोहला के मिनी स्टेडियम में जिला स्तरीय मुख्य आयोजन होगा, जिसमें 500 से अधिक नागरिक शामिल होंगे और 5 हजार दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान रंगोली प्रदर्शन सहित विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। इसी प्रकार जिले के तीनों ब्लॉक मुख्यालयों में शाम 5 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ होंगे तथा शाम 7 बजे सामूहिक दीप प्रज्वलन किया जाएगा। मोहला में मिनी स्टेडियम, मानपुर में इंद्रप्रस्थ स्टेडियम तथा अंबागढ़ चौकी में शिवनाथ नदी घाट पर विशेष आयोजन किए जाएंगे। कार्यक्रम में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिलेभर में नागरिकों को दीप वितरित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह ने जिला मुख्यालय मोहला के जय स्तंभ चौक एवं फव्वारा चौक में नागरिकों को दीप वितरित किए। उन्होंने नागरिकों से 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता करने तथा 17 सितंबर को शाम 7 बजे अपने घर, दुकान एवं प्रतिष्ठान में दीप प्रज्वलित करने की अपील की। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे सामूहिक दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में सहभागी बनकर 'सेवा संकल्प अभियान' के शुभारंभ को जनभागीदारी के उत्सव के रूप में मनाएं।

# अम्बागढ़ चौकी महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की बैठक सम्पन्न, विकास कार्यों व परीक्षा परिणामों पर हुई अहम चर्चा



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। शासकीय लाल चक्रधर शाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की एक महत्वपूर्ण परिचयात्मक बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। यह बैठक जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष की अनुमति से महाविद्यालय के बैठक कक्ष में आयोजित की गई थी। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समिति के सचिव की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में कॉलेज के विकास और छात्रहित से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में नवनियुक्त सदस्यों व कार्यरत कर्मचारियों का संक्षिप्त परिचय के पश्चात प्रमुख एजेंडे पर चर्चा आरम्भ करते हुए महाविद्यालय परिसर में शौचालय निर्माण एवं लाइब्रेरी की आवश्यक मरम्मत कार्यों को लेकर विचार-विमर्श करने के बाद लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर से प्राक्कलन तैयार करवा कर लागत के अनुसार निविदा आमंत्रित कर निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और खेलकूद जैसी विभिन्न गतिविधियों के आयोजन पर सहमति बनी। विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओं के प्रायोगिक कार्यों को और बेहतर बनाने के लिए प्रयोगशाला हेतु आवश्यक सामग्रियों की खरीदी पर चर्चा की गई। विश्वविद्यालयीन परीक्षा परिणाम (सत्र 2025-26) की विस्तृत समीक्षा की गई और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर दिया गया। महाविद्यालय के चहुंमुखी विकास के लिए रूपरेखा और भविष्य की कार्ययोजनाओं पर सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

इस परिचयात्मक बैठक में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पुनऊराम फूलकौरे उपाध्यक्ष डॉ हेमेंद्र भुआर्य (अनुविभागीय अधिकारी राजस्व) सचिव के.आर. मण्डावी (प्राचार्य) विधायक प्रतिनिधि मनीष साहू सदस्यगण दिलीप गुप्ता, ज्ञानचन्द्र कुम्भज, संजय मिश्रा, अमर खोब्रागढ़े, मोहन भारद्वाज, विपिन शर्मा, कामता साहू के अलावा सहायक प्राध्यापक जे आर परतेती, नीरज कुर्रे व महाविद्यालय के समस्त कर्मचारियों ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई और महाविद्यालय की प्रगति के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

# किसानों की 12 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ का प्रदेशव्यापी आंदोलन तहसील कार्यालयों में सौंपा ज्ञापन



**पूर्व में किए गए आश्वासनों को पूरा नहीं करने पर जताई नाराजगी**

खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश के किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं एवं 11 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा बुधवार 16 सितंबर को प्रदेश के सभी तहसील मुख्यालयों में एक साथ ज्ञापन सौंपकर प्रदेशव्यापी आंदोलन की शुरुआत की गई। भारतीय किसान संघ का कहना है, कि किसानों की समस्याओं को लेकर पूर्व में भी संगठन द्वारा आंदोलन किया गया था। जिसके दौरान प्रदेश के शिक्षा मंत्री स्वयं आंदोलन स्थल पर पहुंचकर किसानों की कुछ मांगों को स्वीकार करने एवं उनके निराकरण का आश्वासन दिया था। संघ के अनुसार, उस समय प्रदेशभर में धान की तौल 40 किलो 700 ग्राम किए जाने की बात भी कही गई थी, लेकिन आज तक इस संबंध में स्पष्ट एवं प्रभावी रूप से आदेश लागू नहीं किया गया है। भारतीय किसान संघ ने इसे किसानों के साथ किए गए आश्वासन के पूरा नहीं होने का विषय बताते हुए कहा कि वर्तमान आंदोलन किसानों की लंबित समस्याओं के साथ-साथ पूर्व में किए गए वादों को पूरा कराने के लिए भी है। भारतीय किसान संघ की प्रमुख मांगों में गौवंदन योजना को प्रदेश में लागू करना तथा जी राम जी योजना को गौ संरक्षण एवं संवर्धन से जोड़ना, धान खरीदी वर्ष 2022-23 की किसानों की रुकी हुई लगभग 1700 करोड़ रुपये की राशि तत्काल किसानों को प्रदान करना तथा धान के समर्थन मूल्य में प्रतिवर्ष कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत 800 रुपये प्रति क्विंटल की राशि जोड़ना शामिल है। साथ ही सब्जी एवं फल उत्पादक किसानों को भी कृषक उन्नति योजना का लाभ देने की मांग की गई है।

संघ ने धान खरीदी की अवधि 15 नवंबर से 15 फरवरी तक करने तथा धान खरीदी में प्रति तौल 40 किलो 700 ग्राम लेने का स्पष्ट एवं अनिवार्य आदेश जारी करने की मांग की है। एग्रीस्टेक में पंजीयन के दौरान खातेदारों को आ रही समस्याओं को देखते हुए पंजीयन प्रक्रिया में शिथिलता देने और धान खरीदी की टोकन व्यवस्था में सुधार की भी मांग की गई है। संगठन ने बड़े किसानों को पांच तथा लघु एवं सीमांत किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार तीन एवं एक टोकन देने तथा धान खरीदी के समय अनावश्यक दबाव डालकर खाता समर्पण कराने की प्रक्रिया बंद करने की मांग की है। इसके अलावा गन्ने के मूल्य में 150 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि कर उसे कृषक उन्नति योजना से जोड़ने, अधूरी सिंचाई परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने तथा सिंचाई की व्यापक संभावनाओं वाली पैरी हाईडेम योजना को तत्काल स्वीकृति देने की मांग की गई है। भारतीय किसान संघ ने विद्युत विभाग के निजीकरण पर रोक लगाने, बाजार में निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर खाद बेचने वाले विक्रेताओं पर कड़ी कार्रवाई करने तथा भूमि अधिग्रहण में उदयपुर डिक्लेरेशन के अनुसार प्रक्रिया अपनाने की मांग भी प्रमुखता से रखी है। भारतीय किसान संघ जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई के जिलाध्यक्ष हर्ष दशरिया ने कहा कि संगठन किसानों की समस्याओं को लेकर लगातार सरकार का ध्यान आकर्षित करता रहा है। पूर्व आंदोलन के दौरान किसानों को दिए गए आश्वासनों में से कई विषय अब तक धरातल पर लागू नहीं हुए हैं। विशेष रूप से धान तौल के संबंध में किए गए आश्वासन के बाद भी 40 किलो 700 ग्राम की व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू नहीं होना किसानों के बीच चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि आज का आंदोलन केवल नई मांगों को लेकर नहीं, बल्कि किसानों से किए गए पूर्व आश्वासनों को पूरा कराने तथा सरकार को उसके वादों की याद दिलाने का भी आंदोलन है। भारतीय किसान संघ सरकार से मांग करता है कि किसानों की 11 सूत्रीय मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर शीघ्र निर्णय लिया जाए।

प्रधानपाठ बैराज का जो गेट टुटा पड़ा है,उसे जल्द से जल्द सुधार किया जाए ताकि किसानों को खेती के लिए पानी मिल सके और नहर का विस्तार भण्डारपुर से आगे बढ़ईटोला, भरदाकला, देवारीभाठ, सहसपुर, मदराकुही, सोनभट्ठा, मुड़भादूर, अवेली सलौनी तक किया जावे ताकि किसानों को सिंचाई हेतु सुविधा हो सके। संघ ने स्पष्ट किया कि यदि वर्तमान आंदोलन एवं ज्ञापन के बाद भी सरकार द्वारा किसानों की मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो भारतीय किसान संघ आगामी चरण में इससे भी व्यापक एवं उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन के दौरान प्रदेश के विभिन्न तहसील मुख्यालयों में भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी, जिला एवं तहसील स्तर के कार्यकर्ता, किसान प्रतिनिधि एवं अन्य कार्यकर्ताओं के अलावा भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### सोने के आयात में 58 प्रतिशत की भारी गिरावट, चांदी का इंपोर्ट 127 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। इस साल अगस्त में सोने के आयात में भारी-भरकम गिरावट दर्ज की गई। भारत सरकार द्वारा सीमा शुल्क यानी कस्टम ड्यूटी में जबरदस्त बढ़ोतरी की वजह से सोने के आयात में गिरावट दर्ज की गई है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से ये जानकारी मिली है। आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में सोने का आयात 57.75 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 2.3 अरब डॉलर रह गया।

इस साल अगस्त में सोने के आयात में भारी-भरकम गिरावट दर्ज की गई। भारत सरकार द्वारा सीमा शुल्क यानी कस्टम ड्यूटी में जबरदस्त बढ़ोतरी की वजह से सोने के आयात में गिरावट दर्ज की गई है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से ये जानकारी मिली है। आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में सोने का आयात 57.75 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 2.3 अरब डॉलर रह गया।

सोने के आयात में भारी गिरावट के चलते देश का व्यापार घाटा भी घटकर 5 महीने के निचले स्तर 26.86 अरब डॉलर पर आ गया। हालांकि, इस दौरान चांदी के आयात में 127 प्रतिशत की बंपर तेजी देखने को मिली। अगस्त 2026 में भारत का चांदी का आयात 127 प्रतिशत बढ़कर 1.02 अरब डॉलर हो गया।

सोने के आयात में भारी गिरावट के चलते देश का व्यापार घाटा भी घटकर 5 महीने के निचले स्तर 26.86 अरब डॉलर पर आ गया। हालांकि, इस दौरान चांदी के आयात में 127 प्रतिशत की बंपर तेजी देखने को मिली। अगस्त 2026 में भारत का चांदी का आयात 127 प्रतिशत बढ़कर 1.02 अरब डॉलर हो गया।

जेम्स रोड्रिगेज़ का इंटरनेशनल सफर खत्म 15 साल बाद राष्ट्रीय टीम से बनाई दूरी

बोगोटा । कोलंबिया के स्टार फुटबॉलर जेम्स रोड्रिगेज ने अपने 15 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर के बाद राष्ट्रीय टीम के लिए खेलना छोड़ने का फैसला किया है। टीम के प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल रहे रोड्रिगेज ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने फैसले की जानकारी दी और कोलंबिया की जर्सी में बिताए यादगार पलों को याद किया। जेम्स रोड्रिगेज ने साल 2011 में कोलंबिया की राष्ट्रीय टीम के लिए अपना डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने टीम के लिए कई महत्वपूर्ण मुकाबले खेले और अपनी शानदार तकनीक, पासिंग क्षमता और गोल करने की कला से अलग पहचान बनाई। रोड्रिगेज का सबसे यादगार प्रदर्शन 2014 फीफा विश्व कप में देखने को मिला था। उस टूर्नामेंट में उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्डन बूट अवॉर्ड जीता था। उनके शानदार गोल और रचनात्मक खेल ने उन्हें दुनिया के शीर्ष युवा फुटबॉलरों में शामिल कर दिया था। कोलंबिया के लिए खेलते हुए रोड्रिगेज ने कई बड़े टूर्नामेंट में टीम का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कोपा अमेरिका, विश्व कप क्वालीफायर और अन्य अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में टीम की अगुवाई भी की। अपने विदाई संदेश में रोड्रिगेज ने कोलंबिया की राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने को अपने करियर का सबसे बड़ा सम्मान बताया। उन्होंने प्रशंसकों, साथियों और कोचिंग स्टाफ का धन्यवाद करते हुए कहा कि देश के लिए खेलना उनके जीवन के सबसे खास अनुभवों में से एक रहा।

### मुश्किलों को मात देकर एशिया कप तक पहुँचीं पंजाब की सुखवीर कौर

नई दिल्ली। पंजाब बठिंडा के भाई रूपा गांव की बीस वर्षीय सुखवीर कौर एएचएफ जूनियर एशिया कप 2026 जीतने वाली भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम में पंजाब की अकेली खिलाड़ी हैं। लेकिन इस उपलब्धि के पीछे एक बेटी है जिसने अपने परिवार के संघर्षों को जल्दी ही समझ लिया, विपरीत परिस्थितियों के बावजूद खेल को चुना और अपने हॉकी के सपने को घर के लोगों के लिए आशा के स्रोत में बदल दिया। सुखवीर के जीवन में एक समय ऐसा भी था जब उनका छह लोगों का परिवार एक कमरे के घर में रहता और सोया करता था। आज, उनके पास अपनी मां की सिलाई और छात्रवृत्ति अर्जित करने के बाद सुखवीर द्वारा घर भेजे जाने वाले पैसे के संयुक्त प्रयासों से बनाया गया तीन कमरों का घर है। उनके पिता चमकौर सिंह के पास एक एकड़ से भी कम जमीन है और वह खेत मजदूर के रूप में काम करके परिवार की आय में मदद करते हैं। उनकी मां कुलविंदर कौर एक दर्जी हैं। चार बच्चों के पालन-पोषण के साथ, सुखवीर को खेल के लिए गाँव से बाहर भेजना परिवार के लिए आसान निर्णय नहीं था। उनकी पसंद पर सवाल उठाने वाली आवाज़ें थीं।ॅद्यह्यश ऋद्गड्डस्र - वर्ल्ड कप 2027 से पहले युवराज सिंह की टीम इंडिया को सलाह कुलविंदर ने कहा, ÷लोग हमसे तरह-तरह की बातें कहते थे क्योंकि हम एक लड़की को बाहर खेलने के लिए भेज रहे थे। लेकिन मैं जानता था कि मैं नहीं चाहता था कि मेरी बेटी घर पर बैठे और अपना जीवन बर्बाद करे। मैं चाहता था कि वह खुद कुछ बनाए और स्वतंत्र बने।÷ उन्होंने कहा, सुखवीर ने बहुत छोटी उम्र से ही परिवार के संघर्षों को समझा और चुपचाप उनकी मदद करने की जिम्मेदारी ली।

# एशियन गेम्स के लिए श्रीलंका ने किया स्क्वाड का ऐलान, चमारी अट्टापट्टू संभालेंगी टीम की कमान



नई दिल्ली। हाल ही में एशिया कप के फाइनल में पहुंचकर अपना दम दिखाने वाली श्रीलंकाई महिला क्रिकेट टीम अब एशियन गेम्स में चुनौती पेश करने के लिए तैयार है। श्रीलंका क्रिकेट ने 16 सितंबर को 2026 एशियन गेम्स की क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया। अनुभवी बल्लेबाज चमारी अट्टापट्टू को टीम की कमान सौंपी गई है।

श्रीलंका की टीम ने हाल ही में खेले गए महिला एशिया कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान हासिल किया था। अब टीम उसी लय को एशियन गेम्स में भी बरकरार रखना चाहेगी। श्रीलंका अपने अभियान की शुरुआत 18 सितंबर को मलेशिया के खिलाफ मुकाबले से करेगा। अट्टापट्टू की अगुवाई वाली टीम में एशिया कप में खेलने वाली कई प्रमुख खिलाड़ियों को जगह मिली है। हालांकि, सिलेक्टर्स ने कुछ ऐसे नामों को टीम से बाहर रखा है, जिन्होंने हाल के बड़े टूर्नामेंटों में श्रीलंका के लिए अहम योगदान दिया था।

विश्मी गुणारत्ने 15 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं हैं। उन्होंने ICC वूमेन्स ञ्ज20 वर्ल्ड कप और वूमेन्स एशिया कप दोनों में श्रीलंका के लिए उपयोगी पारियां खेली थीं। उनके अलावा निलाक्षिका सिल्वा को भी टीम में जगह नहीं मिली है। निलाक्षिका ने भी इन दोनों टूर्नामेंटों में मैच जिताऊ प्रदर्शन किया था। एशिया कप के लिए टीम में वापसी करने वाली चेतना विमुक्ति भी एशियन गेम्स की टीम का हिस्सा नहीं हैं। श्रीलंका ने टीम में युवा खिलाड़ियों को भी मौका दिया है। 17 साल की चमुदी प्रबोधा को टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने एशिया कप के दौरान अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था। वहीं, 19 साल की रश्मिका सेव्वंडी को भी 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली है। रश्मिका ने अपना आखिरी ञ्ज20द्ब मुकाबला अगस्त में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। टीम में अनुभव की भी कोई कमी नहीं है। इमेशा दुलानी, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, हसीनी परेरा, सुगंधिका कुमारी और विकेटकीपर अनुष्का संजीवनी जैसी अनुभवी खिलाड़ियों को टीम में बरकरार रखा गया है।

## रिटायरमेंट के बाद फिर से अर्जेंटीना की जर्सी में खेलते दिख सकते हैं लियोनल मेसी



नई दिल्ली। दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनल मेसी ने पिछले महीने इंटरनेशनल फुटबॉल से अपने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था, जिसके बाद अब उनको 6 अक्टूबर को बेनिन के खिलाफ होने वाले फ्रेंडली मैच के लिए अर्जेंटीना के स्क्वाड में शामिल किया गया है, जो उनका विदाई मैच भी माना जा सकता है।

फुटबॉल की दुनिया के महान खिलाड़ियों में शामिल अर्जेंटीना के दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेसी ने इंटरनेशनल फुटबॉल से अपने रिटायरमेंट का ऐलान अगस्त 2026 में कर दिया था। इससे पहले वह फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 में आखिरी बार इंटरनेशनल मुकाबला खेलते हुए दिखाई दिए थे, जिसके फाइनल मैच में अर्जेंटीना को स्पेन से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद से ही मेसी के रिटायरमेंट लेने के कयास लग रहे थे, जिसमें उन्होंने अगस्त महीने में इसका ऐलान पिता के निधन के बाद कर दिया था। मेसी को लेकर अब अर्जेंटीना फुटबॉल संघ की तरफ से बड़ा ऐलान किया गया है जिसमें मेसी को बेनिन के खिलाफ होने वाले फ्रेंडली मैच में खेलने को लेकर निमंत्रण भेजा गया था।

## वैभव सूर्यवंशी की बढ़ी टेंशन, अब अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 में भी मौका मिलना मुश्किल



नई दिल्ली। भारत और अफगानिस्तान के बीच सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच 17 सितंबर को खेला जाएगा। इस मैच की प्लेइंग इलेवन में भी वैभव सूर्यवंशी को मौका मिलना मुश्किल है। संजू सैमसन की धमाकेदार पारी ने उनकी मुश्किल ?बढ़ा दी है।

वैभव सूर्यवंशी अफगा?निस्तान के खिलाफ जारी टी20 सीरीज में एक भी मैच अब तक नहीं खेल पाए हैं। इस बीच दूसरे टी20 मुकाबले के बाद उनकी टेंशन और बढ़ गई है। हालात देखकर तो ऐसा नहीं लगता कि उन्हें तीसरे टी20 मैच में भी प्लेइंग इलेवन में मौका मिल पाएगा। संजू सैमसन ने दूसरे टी20 मैच में जिस तरह की आक्रामक बैटिंग की है, उसके बाद उन्हें बाहर तो नहीं जाना चाहिए। सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच 17 सितंबर को खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरा टी20 इंटरनेशनल मैच भी जीत लिया है, इसके साथ ही सीरीज पर भी टीम इंडिया का कब्जा हो गया है। हालांकि सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच अभी बाकी है, जो दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 17 सितंबर यानी गुरुवार को खेला जाएगा।

# ऑक्शन को लेकर बड़ा ऐलान, अगले महीने कोच्चि में लगेगी खिलाड़ियों पर बोली



नई दिल्ली। वूमेंस प्रीमियर लीग के अगले सीजन की तैयारियां अब तेज हो गई हैं। खिलाड़ियों के रिटेंशन और रिलीज से लेकर ऑक्शन तक की तस्वीर धीरे-धीरे साफ होने लगी है। BCCI ने 16 सितंबर को WPLकी पांचों फ्रेंचाइजियों को सीजन-5 के ऑक्शन की तारीख और वेन्यू की जानकारी दी है। खिलाड़ियों का ऑक्शन 28 अक्टूबर को कोच्चि में आयोजित होगा।

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, BCCI ने बुधवार को सभी पांच टीमों को ऑक्शन से जुड़ी जानकारी औपचारिक रूप से साझा की। अब फ्रेंचाइजियों के पास अपनी टीम में बदलाव करने के लिए ज्यादा समय नहीं है। सभी टीमों को 28 सितंबर तक अपने खिलाड़ियों के रिटेंशन और रिलीज पर फैसला करना होगा। इससे पहले इंडियन प्रीमियर लीग यानी IPL के ऑक्शन को लेकर बड़ी खबर सामने आई। WPL के एक स्क्वाड में अधिकतम 18 खिलाड़ी हो सकते हैं। इनमें अधिकतम 6 विदेशी खिलाड़ियों को शामिल किया जा सकता है। मौजूदा चक्र के लिए टीमों की सैलरी कैप 15 करोड़ रुपये तय की गई है। ऐसे में ऑक्शन से पहले रिलीज और रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों के फैसले पर सभी फ्रेंचाइजियों की नजर रहेगी। आगामी सीजन के लिए मुंबई और वडोदरा वेन्यू के तौर पर चुने जाने की पूरी संभावना है। ढ्डक्करु का अगला सीजन भी पिछले साल की तरह जनवरी-फरवरी के दौरान आयोजित किए जाने की उम्मीद है। वाराणसी को भी कुछ मुकाबलों की मेजबानी मिलने की चर्चा थी, लेकिन फिलहाल इसकी संभावना कम मानी जा रही है। शहर में नया स्टेडियम तैयार हो रहा है और WPL जैसे बड़े टूर्नामेंट के मुकाबले वहां कराने से पहले मैदान की तैयारियों को घरेलू क्रिकेट मैचों के जरिए परखा जाना जरूरी होगा। WPL से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, वाराणसी में मैच कराने का फैसला पूरी तरह स्टेडियम की तैयारियों पर निर्भर करेगा। मौजूदा स्थिति में वहां लीग के मुकाबले होने की संभावना काफी कम है।

# लड़कियों को लेकर शाहिद आफरीदी ने दिखाई घटिया सोच, आकाश चोपड़ा का फूटा गुस्सा, कहा- मेरा भाई नहीं है तू यार!



नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाहिद आफरीदी का महिलाओं को लेकर दिया गया एक बयान इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है. अब इस पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर और जाने-माने एनालिस्ट आकाश चोपड़ा ने अपनी बात रखी है. आफरीदी के बयान में कहा गया कि हमारे यहां की महिलाएं सिर्फ रोटियां अच्छी बना सकती हैं, इन्हें क्रिकेट नहीं खेलना चाहिए. इस बयान पर आकाश चोपड़ा का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया.

अपने यूट्यूब चैनल पर इस मुद्दे पर खुलकर बात करते हुए आकाश चोपड़ा ने कहा कि जब उन्होंने पहली बार यह खबर पढ़ी तो उन्हें लगा कि शायद यह किसी एआई (ढ्ढ) का कमाल होगा या कोई फर्जी बयान होगा. लेकिन जब पता चला कि यह सच है तो उन्होंने आफरीदी को आड़े हाथों लिया.5 आकाश ने तंज कसते हुए कहा कि अगर आपके देश की महिलाएं क्रिकेट नहीं खेल सकतीं तो फिर आप कैसे खेल लेते हैं? आप इसलिए अच्छा खेल रहे हैं क्योंकि आपको बचपन से खेलने का मौका मिला है. उन्होंने माना कि पाकिस्तान की महिला टीम अभी उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है, लेकिन इसकी वजह यह नहीं है कि महिलाएं क्रिकेट नहीं खेल सकतीं. असली कमी तो वहां के सिस्टम में है. उन्हें सही सुविधाएं और मौके देने की जरूरत है. यह कहना कि उनका काम सिर्फ घर संभालना और रोटियां बनाना है ये काफी गलत है. आकाश चोपड़ा गुस्से में इतने आगे बढ़ गए कि उन्होंने यहां तक कह दिया कि मेरे भाई... नहीं सॉरी, मेरा भाई नहीं है तू यार! अगर ऐसी घटिया बात करोगे तो मैं तुझे भाई कैसे बोल सकता हूं? उन्होंने आगे चुनौती देते हुए कहा कि पाकिस्तान की लड़कियों को एक बार लड़कों के बराबर मौके और सुविधाएं देकर तो देखिए. हो सकता है कि वे लड़कों से भी बेहतर खेल कर दिखाएं और इस बात से उन्हें बिल्कुल भी हैरानी नहीं होगी.

आकाश ने तंज कसा कि अगर देश में ऐसी ही दकियानूसी सोच बनी रहेगी तो पहले ही बदहाल चल रहा पुरुषों का क्रिकेट और नीचे चला जाएगा और लड़कियों को तो कभी आगे बढ़ने ही नहीं दिया जाएगा. बातचीत के दौरान आकाश चोपड़ा ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और वहां के मौजूदा हालातों पर भी जमकर निशाना साधा. उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान की महिला टीम पर एशिया कप सेमीफाइनल में धीमे ओवर रेट की वजह से लगे 50 प्रतिशत जुर्माने और पुरुष टीम के WTC पॉइंट्स काटे जाने का भी जिक्र किया.

## एशियन गेम्स में टीम इंडया को झटका, वरुण चक्रवर्ती बाहर

नई दिल्ली। भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती चोटिल होने के कारण एशियन गेम्स से बाहर हो गए हैं। विपराज निगम को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है। इससे पहले हर्षित राणा भी बाहर हो चुके हैं। अनुभवी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती बाजू में खिंचाव के कारण एशियन गेम्स से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह लेग स्पिन ऑलराउंडर विपराज निगम को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। एशियाई खेल 19 सितंबर को जापान के आइची-नागोया में शुरू होंगे। भारत 22 सितंबर को जापान के खिलाफ एक ऐतिहासिक टी20 मुकाबला भी खेलेगा और इसके बाद 28 सितंबर से जापान के निशिन में होने वाले एशियाड में अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर पीटीआई को बताया, %%वरुण अनिश्चितकाल के लिए टीम से बाहर हो गए हैं। विपराज निगम और कुलदीप यादव के रूप में हमारे पास दो विकल्प थे। कुलदीप इस महीने के आखिर में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेंगे।%%

चक्रवर्ती अफगानिस्तान के खिलाफ चल रही टी20 सीरीज के पहले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। उन्हें पूर्ण फिटनेस हासिल करने में अभी कुछ समय लगने की संभावना है। आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व करने वाले 22 वर्षीय निगम ने अब तक लीग में 19 मैच खेले हैं और 13 विकेट लिए हैं।

**झीरम घाटी नक्सली हमला: एनआईए कोर्ट....**

बल्कि ग्रामीण और कृषि कार्य से जुड़े लोग हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इनमें से कुछ लोग पूर्व में जनप्रतिनिधि रह चुके हैं। परिजनों ने आरोप लगाया कि उनके परिजनों को नक्सली बताकर सजा दी गई है। उन्होंने कहा कि वे मृत्युदंड के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती देंगे। जरूरत पड़ने पर समाज के सहयोग से सजा कम कराने की मांग को लेकर आंदोलन करने की बात भी परिजनों ने कही। परिजनों ने सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का उल्लेख करते हुए सवाल उठाया कि बड़े नक्सलियों को आत्मसमर्पण के बाद पुनर्वास का लाभ देकर मुख्यधारा में शामिल किया जा रहा है, जबकि उनके अनुसार उनके परिजन नक्सली गतिविधियों में शामिल नहीं थे और उन्हें मृत्युदंड दिया गया है। विशेष एनआईए अदालत के इस फैसले के बाद मामले में आगे की प्रक्रिया उच्च न्यायालय में अपील और मृत्युदंड की न्यायिक पुष्टि से जुड़ी होगी। अदालत ने स्पष्ट किया है कि उच्च न्यायालय की पुष्टि के बिना मृत्युदंड पर अमल नहीं किया जा सकता।

**मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, कुकी समुदाय....**

उनका मासूम बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसी दिन नोनी जिले के लोंगपी गांव में भी हथियारबंद हमलावरों ने एक महिला और एक पुरुष को गोलियों से भून दिया था। तीन दिनों के भीतर समुदाय के छह निर्दोष लोगों की जान जा चुकी है।

न्याय मिलने तक शव नहीं लेंगे; कुकी संगठन ने सरकार पर दागे सवाल: महिलाओं की नृशंस हत्या के विरोध में चुराचांदपुर स्थित प्रमुख संगठन 'कुकी इनपी मणिपुर' (चढ्डरू) ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। संगठन ने एलान किया है कि जब तक पीड़ितों को इंसाफ नहीं मिल जाता और हत्यारों को सजा नहीं होती, तब तक दोनों महिलाओं के पार्थिव शरीर को नहीं लिया जाएगा। संगठन ने केंद्र और राज्य सरकार की चुप्पी पर तीखे सवाल उठाते हुए कहा कि बार-बार बेकसूर नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि इन हमलों पर तुरंत सख्त रोक नहीं लगाई गई, तो हालात बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच सकते हैं।

**मोदी कैबिनेट का बड़ा फैसला: पीएफ के लिए....**

25,000 के बीच बेसिक सैलरी पाने वाले नए

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

कर्मचारियों का एक बड़ा हिस्सा EPFO के अनिवार्य सोशल सिक्योरिटी कवरेज के दायरे में आ सकेगा। 0 10 साल बाद बढ़ी EPFO वेज सीलिंग: EPFO की वेज सीलिंग लंबे समय तक नहीं बदली थी। सितंबर 2014 में इसे बढ़ाकर 15,000 प्रति माह किया गया था। अब सरकार ने इसे बढ़ाकर 25,000 करने का फैसला किया है। सरकार का कहना है कि यह बदलाव मौजूदा वेतन स्तर, आय में बढ़ोतरी और फॉर्मल रोजगार के विस्तार को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

0 15,000 से 25,000 सैलरी वालों को क्या फायदा होगा?: मौजूदा व्यवस्था में 15,000 से अधिक बेसिक सैलरी पर नौकरी शुरू करने वाला कर्मचारी सामान्य तौर पर EPF के अनिवार्य कवरेज के दायरे में नहीं आता, हालांकि कुछ परिस्थितियों में स्वैच्छिक/अन्य प्रावधान लागू हो सकते हैं। नई सीमा बढ़ने से 15,000 से 25,000 के बेसिक वेज बैंड में आने वाले पात्र कर्मचारियों के लिए EPFO से जुड़ी सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ेगा।

**स्कूल के दोस्त ने पीएम मोदी से लगाई थी गुहार....**

(प्रिंसिपल सेक्रेटरी) श्रीकर परदेशी ने मंत्रालय में इस मामले को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई। इस अहम बैठक में पीड़ित असगर अली वोरा, भाजपा नेता नरेंद्र मेहता, मीरा-भायंदर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के कमिश्नर राधा विनोद शर्मा और टाउन प्लानर पुरुषोत्तम शिंदे मौजूद रहे। आला अधिकारियों की मौजूदगी में दोनों पक्षों के दस्तावेजों की जांच की गई।

विधायक ने सरेंडर की जमीन, वापस ली पुलिस शिकायत: बैठक के दौरान नरेंद्र मेहता ने टाउन प्लानिंग डिपार्टमेंट को एक आधिकारिक पत्र सौंपा। इस पत्र में उन्होंने स्पष्ट किया कि वह विवादित जमीन से अपना कब्जा पूरी तरह छोड़ रहे हैं और प्रशासन द्वारा जारी निर्माण अनुमति (कंस्ट्रक्शन परमिशन) भी सरेंडर कर रहे हैं। मेहता ने दावा किया कि उन्होंने यह जमीन 2019 में मर्विन फर्नांडिस से खरीदी थी। इसके साथ ही, पुलिस कमिश्नर को अलग से पत्र लिखकर उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों में आपसी सहमति बन गई है, इसलिए वे वोरा के खिलाफ दर्ज कराई गई अपनी पुरानी पुलिस शिकायत भी वापस ले रहे हैं। 15 साल बाद अपनी जमीन वापस मिलने पर असगर अली वोरा ने राहत की सांस ली है।

**पतंजलि के घी को 'नकली' बताना....**

साल 2022 में भी पूर्व सांसद ने खुले मंच से पतंजलि के घी को नकली बताते हुए लोगों को घर में गाय-भैंस पालने की नसीहत दी थी। इसके बाद अगस्त 2026 में भी उन्होंने बाजार में बिक रहे कथित मिलावटी घी और उत्पादों को लेकर बाबा रामदेव के खिलाफ तीखे हमले बोले थे। लगातार हो रहे इन हमलों के खिलाफ आखिरकार पतंजलि प्रबंधन ने कानूनी रास्ता अपनाते हुए 50 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति की मांग कर दी है।

**कोलकाता में करोड़ों के चिटफंड.....**

एक मुखौटा कंपनी के रूप में काम करती थी। छापेमारी और तलाशी अभियान चिटफंड योजना में जमा धन के कथित दुरुपयोग और गबन के आरोपों की जांच के तहत किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, कथित पोंजी इकाई के मालिक के आवास के अलावा उससे जुड़े लोगों और कथित संपर्क सूत्रों के ठिकानों पर भी तलाशी ली जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, कथित धोखाधड़ी का तरीका एक जैसा था। पहले अलग-अलग बहुस्तरीय विपणन योजनाओं के माध्यम से लोगों से बड़ी रकम जमा कराई जाती थी। निवेशकों को उनकी जमा राशि पर आकर्षक रिटर्न देने का भरोसा दिलाया जाता था। इसके बाद जुटाई गई रकम को एक कथित मुखौटा कंपनी के माध्यम से अलग-अलग क्षेत्रों में निवेश किया जाता था। जांच में यह भी सामने आने का दावा किया गया है कि लोगों से जमा की गई रकम संबंधित नियामक प्राधिकरण से आवश्यक अनुमति या वैध प्राधिकार प्राप्त किए बिना जुटाई गई थी। वर्ष 2012 के बाद से पश्चिम बंगाल में कई बड़े पोंजी और चिटफंड मामलों की जांच सामने आई है। इनमें सुदीप्तो सेन के स्वामित्व वाला सारदा समूह और गौतम कुंडू के स्वामित्व वाला रोज वैली समूह प्रमुख रहे हैं। प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो लंबे समय से ऐसी कई संस्थाओं की गतिविधियों की अलग-अलग मामलों में जांच कर रहे हैं। इन मामलों के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। हालांकि, मौजूदा मामले में छापेमारी के दौरान क्या बरामद हुआ, इसकी आधिकारिक जानकारी जांच एजेंसी की ओर से अभी सामने नहीं आई है।

# गुजरात संयंत्र हादसा: सुप्रीम कोर्ट ने पीड़ितों की पहचान के लिए हाईकोर्ट को स्वत: संज्ञान मामला दर्ज करने को कहा



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गुजरात हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को गुजरात में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारत रसायन लिमिटेड के कीटनाशक संयंत्र में वर्ष 2022 में हुए हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की पहचान के लिए स्वत: संज्ञान लेकर मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। इसका उद्देश्य हादसे के पीड़ितों और उनके परिजनों को मुआवजा उपलब्ध कराना है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने मामले की सुनवाई की। पीठ ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की इस जानकारी पर भी गौर किया कि गुजरात प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पहले निर्देश दिया गया था कि पर्यावरणीय जुर्माने की राशि का इस्तेमाल केवल पर्यावरण सुधार और पुनर्बहाली के कार्यों में किया जाए। सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि उक्त राशि के अलावा करीब 3.27 करोड़ रुपये सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री में जमा हैं। इस राशि को हादसे के पीड़ितों, उनके परिवार के सदस्यों अथवा कानूनी वारिसों को मुआवजे के रूप में दिए जाने की आवश्यकता है।

सुनवाई के दौरान पीठ को बताया गया कि संबंधित अधिकारी अब तक मुआवजे की राशि प्राप्त करने के हकदार पीड़ितों और उनके परिवार के सदस्यों की पहचान नहीं कर पाए हैं। दलीलें सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से कहा कि वह रजिस्ट्री में जमा मुआवजे की राशि वितरित करने के लिए मृतकों और अन्य प्रभावित लोगों के परिवार के सदस्यों या कानूनी वारिसों की पहचान के उद्देश्य से स्वत: संज्ञान लेकर मामला दर्ज करें।

पीठ ने सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री को यह राशि एक और वर्ष के लिए सावधि जमा में रखने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट द्वारा मृतकों और उनके कानूनी वारिसों की पहचान किए जाने के बाद राशि को मुआवजे के लिए जारी किया जाएगा। मई 2022 में भारत रसायन लिमिटेड के गुजरात के दहेज स्थित कीटनाशक संयंत्र में हादसा हुआ था। इसमें आठ लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए थे। हादसे के बाद राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने मई 2024 में 'प्रदूषणकर्ता भुगतान करे' सिद्धांत के तहत भारत रसायन लिमिटेड पर करीब 13.5 करोड़ रुपये का पर्यावरणीय जुर्माना लगाया था। अधिकरण ने गुजरात प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिया था कि इस राशि का इस्तेमाल संयंत्र के 10 किलोमीटर के दायरे में पौधरोपण और पर्यावरण सुधार से जुड़े उपायों के लिए किया जाए। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2022 में हुए हादसे के बाद भारत रसायन लिमिटेड पर लगाए गए कारोबार आधारित पांच प्रतिशत पर्यावरणीय जुर्माने को कम करने से इनकार कर दिया था। अब शीर्ष अदालत ने जमा मुआवजा राशि को वास्तविक पीड़ितों और उनके कानूनी वारिसों तक पहुंचाने के लिए गुजरात हाई कोर्ट को उनकी पहचान की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है।

# खपरीकला स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा संपन्न : विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छ विद्यालय, स्वस्थ भविष्य का संदेश

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खपरीकला में 1 से 15 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। पखवाड़े के दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता, स्वास्थ्य, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए कई रचनात्मक एवं सहभागितापूर्ण गतिविधियां आयोजित की गईं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता को मात्र एक औपचारिकता न मानकर उसे दैनिक जीवन की आदत और संस्कार के रूप में विकसित करना रहा। पखवाड़े के तहत विद्यालय में स्वच्छता शपथ, हरित विद्यालय दिवस, स्वच्छता जागरूकता अभियान, सामुदायिक सहभागिता दिवस, हाथ धुलाई दिवस, स्वच्छता कार्ययोजना दिवस तथा स्वच्छता विद्यालय प्रदर्शनी सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने निबंध, चित्रकला, पोस्टर निर्माण, भाषण, स्लोगन लेखन एवं मॉडल प्रदर्शनी जैसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अपनी कलाकृतियों के जरिए बच्चों ने स्वच्छ विद्यालय, स्वच्छ गांव, शुद्ध पेयजल और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया।



1 से 15 सितंबर तक विविध प्रतियोगिताओं, जागरूकता रैलियों और सामुदायिक सहभागिता से गूंजा परिसर

सामुदायिक सहभागिता दिवस पर ग्रामीणों, पालकों एवं शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई और परिसर व आसपास के क्षेत्रों में श्रमदान कर स्वच्छता का महत्व समझाया। वहीं, हाथ धुलाई दिवस पर विद्यार्थियों को भोजन से पूर्व, शौच के बाद साबुन से हाथ धोने के सही वैज्ञानिक चरणों (स्टेप्स) का अभ्यास कराया गया तथा व्यक्तिगत स्वच्छता को निरोगी जीवन का आधार बताया गया। समापन अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाए गए चार्ट्स, पोस्टर्स व मॉडल्स की अतिथियों व पालकों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। गतिविधि प्रभारी लक्ष्मीकांत शर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली की अनिवार्य नींव है।

# कच्चे व जर्जर मकान से पक्के आशियाने तक पहुंचा फागूराम का परिवार, पीएम आवास योजना से मिली नई जिंदगी

राजनांदगांव (दावा)। सेवा संकल्प अभियान के तहत केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा असर धरातल पर नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए पक्के व सुरक्षित आशियाने का सपना साकार करने में मील का पत्थर साबित हो रही है।

इसी कड़ी में डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम अमलीडीह निवासी 58 वर्षीय फागूराम साहू का परिवार भी योजना से लाभान्वित होकर अब सुरक्षित और पक्के मकान में आत्मसम्मान के साथ जीवन व्यतीत कर रहा है। अपनी पुरानी स्थिति साझा करते हुए फागूराम साहू ने बताया कि पहले वे अपनी पत्नी और दो बेटों के साथ कच्चे और जर्जर मकान में रहते थे। मजदूरी और थोड़ी-बहुत खेती से परिवार की गुजर-बसर होती थी। आर्थिक तंगी के चलते पक्का मकान बनाना उनके बूते से बाहर था। बरसात के दिनों में कच्ची दीवारों व छत से पानी टपकने के कारण पूरा परिवार भारी परेशानियों के साए में जीता था। घर में अन्य कोई कमाऊ सदस्य न होने से उन्होंने पक्के मकान की आस ही छोड़ दी थी।



डोंगरगढ़ के ग्राम अमलीडीह में साकार हुआ पक्की छत का सपना, हितग्राही ने जताया प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का आभार

इसी बीच ग्राम पंचायत सचिव ने उनके घर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज एकत्र किए और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनका ऑनलाइन पंजीयन कराया। स्वीकृति मिलने के बाद पहली किस्त के तौर पर 25 हजार रुपये सीधे बैंक खाते में प्राप्त हुए, जिससे उन्होंने निर्माण कार्य शुरू किया। योजना के तहत तीन किस्तों में कुल 1 लाख 20 हजार रुपये की सहायता मिली। इसके अलावा मनरेगा के तहत मजदूरी भुगतान मिलने से मकान निर्माण के साथ-साथ परिवार को रोजगार का संबल भी मिला। फागूराम साहू ने बताया कि अब वे अपने परिवार के साथ पक्के और सुरक्षित मकान में सुखपूर्वक जीवन जी रहे हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से मिले गैस कनेक्शन का उपयोग नए घर की रसोई में हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना ने केवल पक्की छत ही नहीं, बल्कि परिवार को सुरक्षा, सम्मान और बेहतर भविष्य का भरोसा दिया है। उन्होंने गरीब परिवारों की सुध लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

# माता-पिता से दूर रहकर हिम्मती और आत्मनिर्भर बन रहीं दिग्विजय कन्या छात्रावास की बेटियां

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के 100 सीटर कन्या छात्रावास में विश्व प्राथमिक उपचार दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता एवं प्रभारी बी. एन. जागृत के मार्गदर्शन तथा छात्रावास अधीक्षिका के नेतृत्व में संपन्न हुआ।



विश्व प्राथमिक उपचार दिवस पर छात्राओं को सिखाए गए जीवन रक्षक गुर

कार्यक्रम के दौरान छात्रावास अधीक्षिका ने छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें आत्मनिर्भरता और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के उपाय बताए। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने घर और माता-पिता से दूर रहकर अध्ययन करना छात्राओं की हिम्मत और साहस को दर्शाता है। छात्राएं कमजोर नहीं बल्कि मजबूत हैं, और जब वे घर से दूर रहकर खुद को संभालना सीख चुकी हैं तो जीवन की हर चुनौती व मुसीबत का सामना करने में भी पूरी तरह सक्षम हैं। अधीक्षिका ने प्राथमिक उपचार के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि किसी भी अप्रिय स्थिति या आपातकाल में डॉक्टर के पहुंचने से पहले स्वयं की और अपनी सहेली की त्वरित सहायता करना ही सच्ची बहादुरी और वास्तविक प्राथमिक उपचार है। कार्यक्रम में छात्राओं को आपात स्थिति में त्वरित निर्णय लेने और आवश्यक प्राथमिक उपचार संबंधी जीवन रक्षक गुर भी सिखाए गए।

# महतारी वंदन योजना से तन्मय के पोषण को मिला सहारा, पौष्टिक आहार से संवर रहा स्वास्थ्य

छुरिया के ग्राम बागद्वार की हेमा साहू को मिली राहत, बेटे के वजन और सेहत में आया उल्लेखनीय सुधार

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से संबल बनाने के साथ-साथ उनके नौनिहालों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण का भी मजबूत आधार बन रही है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय योजनाओं से जमीनी स्तर पर आ रहे सकारात्मक बदलावों की कड़ी में विकासखंड छुरिया के ग्राम बागद्वार निवासी श्रीमती हेमा साहू की कहानी सुखद उदाहरण प्रस्तुत करती है। श्रीमती हेमा साहू के लिए यह योजना उनके दो वर्षीय बेटे तन्मय के स्वास्थ्य की चिंता दूर करने वाली साबित हुई है। उन्होंने बताया कि जन्म के समय तन्मय का वजन मात्र 2 किलोग्राम था, जिससे उसके स्वास्थ्य और शारीरिक विकास को लेकर परिवार हमेशा चिंतित रहता था। कमजोर आर्थिक स्थिति के चलते अतिरिक्त पोषण आहार जुटाना एक चुनौती थी, लेकिन महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह मिलने वाली 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता ने उनके इस संकट को दूर कर दिया। हेमा साहू ने बताया कि योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग वे पूरी तरह अपने बेटे के बेहतर खानपान पर कर रही हैं। घर के सामान्य भोजन के अलावा अब वे इस राशि से गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक सामग्री खरीद रही हैं। तन्मय को दोनों समय के भोजन में मिश्रित दालें, फल और विशेष पोषणयुक्त आहार दिया जा रहा है।

# विधायक श्रीमती यशोदा वर्मा ने ग्राम सोनभट्ठा में कबड्डी प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



युवाओं को खेल के प्रति किया प्रोत्साहित

खैरागढ़। आज खैरागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सोनभट्ठा में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेल समारोह में क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक श्रीमती यशोदा नीलाम्बर वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती यशोदा नीलाम्बर वर्मा एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस तरह के आयोजनों से छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का बेहतरीन अवसर मिलता है। खेल हमारे जीवन में अनुशासन, एकाग्रता और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने युवाओं से खेल को अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाने की अपील की।

प्रतियोगिता के दौरान ग्राम सोनभट्ठा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आई टीमों ने अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। दर्शकों ने भी रोमांचक मुकाबलों का भरपूर आनंद उठाया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीलांबर वर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरुण भारद्वाज, और अंकित चोपड़ा सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, खेल प्रेमी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा सभी प्रतिभागी टीमों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी गईं।

# काम, क्रोध, लोभ, मोह व मद से विलग रहने पर ही होगी परमेश्वर की प्राप्ति : आचार्य बांकेबिहारी गोस्वामी

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय श्री अग्रसेन भवन में लोहिया परिवार द्वारा पितृ मोक्षार्थ आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के द्वितीय दिवस श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। व्यासपीठ पर विराजित वृंदावन के सुप्रसिद्ध भागवताचार्य बांकेबिहारी गोस्वामी ने कहा कि काम, क्रोध, लोभ, मोह और मद जैसे विकारों का त्याग कर प्रभु के प्रति सच्ची निष्ठा व समर्पण रखने पर ही भगवत कृपा और मुक्ति संभव है।

कथा प्रसंग को विस्तार देते हुए पूज्य आचार्य श्री ने माता कुंती के प्रसंग का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि द्वारका प्रस्थान के समय जब श्रीकृष्ण ने कुंती से वर मांगने को कहा, तो उन्होंने जीवन में केवल दुख ही मांगा। कुंती का भाव था कि सुख में व्यक्ति भगवान को भूल जाता है और दुख प्रभु स्मरण का कारण बनता है। उन्होंने कहा कि आज मनुष्य धन-दौलत और प्रतिष्ठा की कामना से प्रभु को भजता है, जबकि समस्त सांसारिक सुख ही अंततः दुखों के मूल कारण हैं। भगवान भाव के भूखे हैं, दिखावे के नहीं।



लोहिया परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन परीक्षित जन्म व कुंती स्तुति का हुआ भावपूर्ण वर्णन

आचार्य श्री ने राजा परीक्षित के जन्म और उन्हें मिले श्राप का वृतांत सुनाते हुए कहा कि अश्वत्थामा के ब्रह्मास्त्र से रक्षा के लिए भगवान ने उत्तरा के गर्भ में प्रवेश किया, जिससे बालक का नाम परीक्षित पड़ा। बाद में शमी ऋषि के गले में मृत सर्प डालने पर श्रृंगी ऋषि ने परीक्षित को सातवें दिन तक्षक नाग के डसने से मृत्यु का श्राप दिया। राजा परीक्षित ने कलयुग को जुआ, मदिरापान, जीव हिंसा, व्यभिचार और स्वर्ण में वास दिया। मृत्यु का बोध होने पर उन्होंने राजपाट त्याग कर शुकदेव जी से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया और मोक्ष प्राप्त किया।

### संस्कारों से दूर हो रही नई पीढ़ी पर चिंता

कथा व्यास ने वर्तमान सामाजिक परिवेश पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज बच्चे उच्च शिक्षा के लिए विदेशों और बड़े शहरों में जाकर धन कमाने की मशीन तो बन रहे हैं, लेकिन हमारी सनातन संस्कृति व संस्कारों से विमुख हो रहे हैं। बुजुर्ग माता-पिता अकेलेपन का दुख भोग रहे हैं। बच्चों को संस्कारवान बनाना हर परिवार का पहला दायित्व है।

### ससुर को दामाद से चरण स्पर्श नहीं कराना चाहिए

आचार्य श्री ने कहा कि विवाह के समय कन्यादान करते हुए दामाद की पूजा विष्णु स्वरूप मानकर की जाती है, ऐसे में बाद में दामाद से चरण स्पर्श करवाना शास्त्र सम्मत नहीं है। दोनों को परस्पर हाथ जोड़कर अभिवादन या राम-राम करना चाहिए। उन्होंने 9 के अंक को परमेश्वर की तरह पूर्णांक बताते हुए इसके आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। कथा के दौरान रिद्धि-सिद्धि के साथ श्रीगणेश जी और बालक ध्रुव के संग भगवान नारायण की सजीव एवं मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण का पुण्य लाभ ले रहे हैं।

# सेवा संकल्प अभियान : महतारी वंदन योजना से लोकेश्वरी के जीवन में आया आत्मनिर्भरता का उजास

राजनांदगांव (दावा)। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से आम नागरिकों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को सामने लाया जा रहा है। इसी कड़ी में महतारी वंदन योजना डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम अमलीडीह की श्रीमती लोकेश्वरी साहू के लिए आर्थिक संबल और आत्मनिर्भरता का माध्यम बनी है। श्रीमती लोकेश्वरी साहू बताती हैं कि योजना से जुड़ने से पहले उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर थी और आय का कोई स्थायी साधन नहीं था। घर-परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने में कई बार आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। महतारी वंदन योजना की शुरुआत से ही वे इससे जुड़ी हुई हैं और योजना के माध्यम से मिलने वाली आर्थिक सहायता ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। वे बताती हैं कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग वे अपनी गर्भावस्था के दौरान देखभाल तथा बच्चों के स्वास्थ्य, खान-पान और पोषण से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने में करती हैं। इसके साथ ही घर की छोटी-मोटी आवश्यकताओं के लिए अब उन्हें पूरी तरह दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। योजना से मिलने वाली नियमित आर्थिक सहायता ने उन्हें अपनी जरूरतों को स्वयं पूरा करने का आत्मविश्वास दिया है।



आर्थिक संबल मिला, बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर कर रहीं खर्च

श्रीमती लोकेश्वरी साहू कहती हैं कि महतारी वंदन योजना उनके लिए केवल आर्थिक सहायता का माध्यम नहीं, बल्कि सम्मान, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का आधार बनी है। आज वे पहले की अपेक्षा स्वयं को अधिक आर्थिक रूप से मजबूत महसूस करती हैं। श्रीमती लोकेश्वरी साहू ने महतारी वंदन योजना लागू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु भैया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और परिवार के बेहतर भविष्य के लिए ऐसी जनहितकारी योजनाएं निरंतर संचालित होती रहनी चाहिए।

# ग्राम पलान्दुर, पंडरापानी, गहिराभेड़ी, बरगांव, कोपेडीह एवं चिखली में मोबाईल कैम्प का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए एसओपी अंतर्गत जिले के नगरीय निकायों के वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। मोबाईल कैम्प के माध्यम से श्रमिकों के कल्याण के लिए चलाए जा रहे शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा पात्र आवेदक को योजनाओं से लाभान्वित करने आवेदन प्राप्त किए जा रहे है। इसी क्रम में डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पलान्दुर, छुरिया विकासखंड के ग्राम पंडरापानी एवं गहिराभेड़ी, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बरगांव, राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम कोपेडीह एवं नगर निगम क्षेत्र राजनांदगांव के वार्ड क्रमांक 5 चिखली में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया गया। मोबाईल कैम्पों में लगभग 338 श्रमिक उपस्थित हुए। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल अंतर्गत 88 श्रमिकों ने पंजीयन हेतु आवेदन किया गया। शिविर में 23 वैधता अवधि समाप्त होने वाले श्रमिक पंजीयन का नवीनीकरण आवेदन किया गया। 8 हितग्राहियों के संशोधन एवं 4 हितग्राहियों का योजना के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया।

शिविर में ई-श्रम साथी एप के माध्यम से 5 रजिस्ट्रेशन एवं 94 श्रमिकों का ई-केवायसी सत्यापन किया गया। शिविर में 148 श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई एवं ब्रोसर का वितरण किया गया। सहायक श्रमायुक्त ने श्रमिकों से जिले में आयोजित मोबाईल कैम्पों में शामिल होकर नवीन श्रमिक पंजीयन एवं श्रमिक पंजीयन नवीनीकरण कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है।

# गैंदाटोला में शिक्षक सम्मान समारोह एवं परिचर्चा संपन्न, 20 शिक्षक हुए सम्मानित

शिक्षक समाज का दर्पण, कुरीतियों को दूर कर ही आगे बढ़ेगा समाज : नोबल साहू
परिक्षेत्र साहू समाज के तत्वावधान में नशामुक्ति और संस्कारों पर हुआ मंथन

राजनांदगांव (दावा)। परिक्षेत्र साहू समाज गैंदाटोला के तत्वावधान में सामाजिक परिचर्चा एवं भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन श्रद्धा व उल्लास के साथ किया गया। समारोह में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में सेवारत 20 उत्कृष्ट शिक्षकों को शॉल एवं प्रशस्ति-पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला साहू संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष नोबल साहू थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में न्याय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मदन लाल साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य भरत लाल साहू तथा छुरिया जनपद पंचायत सभापति हेमिन विष्णु साहू उपस्थित रहे।



### शिक्षक समाज का दर्पण, नियमों का पालन ही समाज की शक्ति

भक्त माता कर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि नोबल साहू ने कहा कि साहू समाज एक आदर्श व संगठित समाज है। समाज के नियमों व नियमावली का निष्ठापूर्वक पालन करना हम सभी का परम दायित्व है। उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को त्यागकर ही समाज वास्तविक प्रगति कर सकता है। शिक्षकों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज का सच्चा दर्पण होते हैं, जो भावी पीढ़ी को गढ़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हैं। विशिष्ट अतिथि हेमिन विष्णु साहू ने समाज को नशामुक्त बनाने का आह्वान किया। परिचर्चा के दौरान वक्ताओं ने पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण, मद्यपान और बच्चों में बढ़ती मोबाइल की लत पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए इनसे दूर रहने और बच्चों को संस्कारवान बनाने पर बल दिया।

समारोह में उत्कृष्ट सेवा देने वाले शिक्षकों में धनवाराम साहू (प्रधान पाठक, कुलियाल), विष्णु प्रसाद साहू (बेलरगोंदी), षठवदन साहू (प्राथमिक शाला दूरे बंजारी), युकेश कुमार साहू, अरुण साहू, धरम दास साहू, डुमेश हिरवानी (आदर्श विद्या मंदिर), चेतन साहू (सरस्वती शिशु मंदिर), मनीष साहू (जगलपुर), मानिक साहू सहित महिला शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन धनेश कुमार साहू एवं शिक्षक विष्णु प्रसाद साहू ने किया। अंत में परिक्षेत्र अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साहू ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं स्वजातीय बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर खिलेश्वर साहू, गजेंद्र साहू, चतुर राम साहू, बिसेशर साहू, बालेश्वर साहू, ईश्वर साहू, सेतु राम साहू, संगठन सचिव देवकी साहू, भेष साहू, रामपाल, सचिव धनेश कुमार साहू, मनोहर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व सामाजिक जन उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी गिरधर लाल साहू ने दी।

# औद्योगिक क्षेत्रों को खून के आंसू रुला रहा बिजली विभाग, अघोषित 'लोड शेडिंग' से उद्योग बंदी की कगार पर

## बार-बार ट्रिपिंग से कच्चा माल नष्ट, री-स्टार्ट प्रक्रिया में भारी नुकसान

## सोमनी, टेड़ेसरा, इंदामरा, सांकरा व डोंगरगांव के कारखानों में संकट, मजदूरों के रोजगार पर मंडराया खतरा



राजनांदगांव (दावा)। जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली कंपनी की चरमराती व्यवस्था ने उद्योगपतियों की कमर तोड़ दी है। बिना पूर्व सूचना के दिन में कई-कई बार हो रही बिजली कटौती और 5 से 10 घंटे की अघोषित लोड शेडिंग के चलते कारखानों का संचालन करना असंभव हो गया है। लगातार हो रही भारी आर्थिक क्षति के कारण कई उद्योग अब पूरी तरह बंद होने के कगार पर पहुंच गए हैं, जिससे हजारों मजदूरों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो सकता है।

### कंटिन्यूअस प्रोसेस प्लांट पर सबसे ज्यादा मार

ग्राम सोमनी (खुटेरी) स्थित खाद्य तेल कारखाने (सॉल्वेंट प्लांट एवं रिफाइनरी) का उदाहरण देते हुए संचालकों ने बताया कि उच्च दाब पर आधारित 'कंटिन्यूअस प्रोसेस' संयंत्र है। उत्पादन प्रक्रिया के दौरान अचानक बिजली बंद होने से पूरा सिस्टम ठप पड़ जाता है। इस प्रक्रिया में प्रयुक्त अत्यंत ज्वलनशील व उड़नशील पेट्रोलियम पदार्थ हेक्जीन (सॉल्वेंट) सैकड़ों लीटर की मात्रा में उड़कर नष्ट हो जाता है। इसके बाद संयंत्र को पुनः शुरू करने में कम से कम 4 घंटे का समय, अतिरिक्त बिजली और मैनपॉवर लगता है। बार-बार ट्रिपिंग से उत्पादित माल की गुणवत्ता खराब होती है, जिससे उसे बाजार में औने-पौने दामों में बेचना पड़ता है।

### नियमों की अनदेखी, नहीं दी जाती पूर्व सूचना

सीएसपीडीसीएल के नियमानुसार उच्च दाब उपभोक्ताओं को आकस्मिक फॉल्ट को छोड़कर ब्रेकडाउन की पूर्व सूचना दी जानी चाहिए। लेकिन बीते एक माह से बिना किसी सूचना के दिन में कई बार बिजली गुल हो रही है। बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित होने से पावर फैक्टर पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, जिसका अतिरिक्त आर्थिक दंड भी उद्योग संचालकों को ही भुगतना पड़ रहा है।

### जिलेभर के उद्योगों में हाहाकार

यह विकट स्थिति केवल सोमनी क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि टेड़ेसरा, सांकरा, इंदामरा, टोलागांव और डोंगरगांव क्षेत्र के पोल्ट्री फार्म, पेपर मिल, राइस मिल, साल्वेंट प्लांट उद्योगों का भी यही हाल है। उद्योगपतियों का कहना है कि बिजली कंपनी के गैर-जिम्मेदाराना रवैये के कारण वे हर रोज लाखों रुपये का नुकसान झेलने में असमर्थ हैं। यदि हालात यही रहे तो फैक्ट्रियों में ताला लगाना मजबूरी बन जाएगा। उद्योगपतियों ने मांग की है कि विद्युत वितरण कंपनी औद्योगिक क्षेत्रों की इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेते हुए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करे, ताकि उद्योगों और मजदूरों के भविष्य को बचाया जा सके।




# सखी वन स्टॉप सेंटर की संवेदनशीलता: मुंबई से भटकी विवाहिता को राजनांदगांव में मिला सुरक्षित आश्रय, परिजनों से कराया मिलन




राजनांदगांव (दावा)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर ने एक बार फिर तत्परता व मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मुंबई से भटकी एक महिला को सकुशल उसके पति से मिलाया है।

जानकारी के अनुसार गत 09 सितंबर को कोतवाली थाना पुलिस के माध्यम से बांगुर भगतसिंह नगर, मुंबई (महाराष्ट्र) निवासी 21 वर्षीया महिला को देर रात सुरक्षित आश्रय हेतु सखी सेंटर लाया गया था। प्राथमिक पूछताछ में महिला ने बताया कि सफर के दौरान स्टेशन पर पानी पीने उतरने से उसकी ट्रेन छूट गई थी। दिशा भ्रम की स्थिति में वह मुंबई जाने वाली ट्रेन के बजाय छत्तीसगढ़ की ओर आने वाली ट्रेन में बैठ गई और राजनांदगांव पहुंचकर भटक गई। सेंटर में आमद के समय महिला गहरे मानसिक सदमे में थी और केवल अपना नाम ही बता पा रही थी। सखी सेंटर के स्टाफ ने उसे घरेलू माहौल, दैनिक उपयोग की सामग्री और सुरक्षित आश्रय प्रदान किया। शुरुआती दौर में महिला द्वारा बताए गए पते पर संबंधित थाने व ऑनलाइन माध्यमों से संपर्क साधा गया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद केंद्र के परामर्शदाताओं ने धैर्यपूर्वक लगातार उसकी काउंसलिंग की। निरंतर प्रयास के बाद महिला ने अपने पति का संपर्क नंबर और सही पता साझा किया। पति से संपर्क होने पर उसने आर्थिक तंगी के चलते तत्काल राजनांदगांव आने में असमर्थता जताई। इस पर सखी वन स्टॉप सेंटर की टीम ने संवेदनशीलता दिखाते हुए रेलवे प्रशासन से समन्वय कर पति के राजनांदगांव पहुंचने की व्यवस्था कराई। 15 सितंबर को पति के यहां पहुंचने पर सभी आवश्यक वैधानिक व प्रशासकीय औपचारिकताएं पूर्ण कर महिला को सकुशल उसके सुपुर्द किया गया।















स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com